RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 6, अंकः352, शनिवार, 7 फरवरी 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com




मोतिहारी में विशेष ऋण वितरण शिविर, 46 लोगों को 1.76 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत 03


मुख्यमंत्री ने विश्व विजेता अनु को 23.43 लाख का चेक सौंपा 04

गोलमाल 5 में करीना कपूर की वापसी पक्की, रोहित शेट्टी की... 07

## टी-20 वर्ल्ड कप का आगाज आज से

- मुंबई में यूएसए के साथ भारत खेलेगा पहला मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप कल शनिवार से शुरू हो रहा है। इनमें 20 टीमों के 300 प्लेयर्स हिस्सा लेंगे। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में हो रहे इस टूर्नामेंट में 4 अलग-अलग ग्रुप में मैच होंगे। टीमों में अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें सबसे युवा हैं, दोनों की औसत आयु 25-25 साल है। जबकि न्यूजीलैंड और यूएसए की टीमें सबसे उम्रदराज हैं। इनमें औसत आयु 31-31 साल है।



टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चर्चा ग्रुप ऑफ डेथ को लेकर है। इस बार यह टैग ग्रुप-डी को मिला है। जिसमें पिछली बार की फाइनलिस्ट साउथ अफ्रीका के साथ 2021 की रनर-अप न्यूजीलैंड और पिछली सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान शामिल हैं। ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान जैसी राइवल टीमों के अलावा ग्रुप-सी में 2-2 बार की चैंपियन इंग्लैंड और वेस्टइंडीज भी आमने-सामने हैं। ग्रुप-ए में डिफेंडिंग चैंपियन भारत और पाकिस्तान जैसी राइवल टीमें हैं।

# भारत अंडर 19 विश्व कप चैंपियन

- वैभव सूर्यवंशी के तूफान से छठी बार जीता खिताब



**हरारे (एजेंसी)।** भारत ने अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीत लिया है। फाइनल में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 100 रन से हराया। यह टीम इंडिया का रिकॉर्ड छठा खिताब है। इससे पहले भारत ने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में अंडर-19 विश्व कप खिताब पर कब्जा जमाया था। भारत ने इंग्लैंड के सामने 412 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन रन पर सिमट गई। टीम इंडिया के लिए वैभव सूर्यवंशी फाइनल के सुपरस्टार रहे। उन्होंने 80 गेंद में 175 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं, इंग्लैंड की ओर से कैलब फाल्कनर ने शतक जड़ा, लेकिन टीम को नहीं जिता पाए। फाल्कनर ने 67 गेंद पर 115 रन की पारी खेली।

**कैलब का शतक**-40 ओवर के बाद इंग्लैंड ने नौ विकेट पर 307 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड को 60 गेंद में 105 रन की जरूरत है। कैलब फाल्कनर ने शतक जड़ा है।

# खुद पर भरोसे से भगाएं कोई भी डर

- परीक्षा पे चर्चा के दौरान बच्चों से बोले पीएम मोदी
- बातचीत से पहले बच्चों को पहनाए असम के गमछे

### बोले-एक साल में हर विदेशी चीज स्वदेशी से बदलें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडीशन में देशभर से आए बच्चों से मुलाकात की। दिल्ली स्थित पीएम आवास पर मोदी ने पहले बच्चों को असम के गमछे पहनाए और फिर उनके सवालों के जवाब दिए। पहले एपिसोड में मोदी ने बच्चों को विदेशी चीजें छोड़कर स्वदेशी चीजें अपनाने की सलाह दी। साथ ही, बच्चों से कहा कि वो 25 साल में विकसित भारत बनाने को अपना सपना बनाएं।



- **विकसित भारत को अपना सपना बनाएं** - पीएम बोले- जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तब आप लोग 39-40 साल के होंगे। आपको अभी से विकसित भारत को अपना सपना बनाना चाहिए। भगत सिंह आजादी का सपना दिल में रखकर फांसी पर झूल गए। जो आजादी से 25 साल पहले, 30 साल पहले बलिदान किए गए, उसी से आजादी मिली। अपना सपना बनाएं कि विकसित भारत के लिए मुझे क्या करना है। स्टूडेंट ने सवाल किया कि प्रेजेंटेशन देते समय मैं घबरा जाता हूं। इस डर को कैसे भगाऊं? पीएम ने कहा- कभी देखा है कि फुटपाथ पर कोई गरीब महिला भी जब टीवी पर किसी घटना के बारे में बताती है तो कितने आत्मविश्वास से बात करती है। क्या उसने इंटरव्यू की कोई प्रैक्टिस की है? नहीं। उसका आत्मविश्वास आता है सच्चाई है। उसे पता है कि उसने जो देखा वही कहना है। आप भी अपने किए हुए पर भरोसा रखें तो प्रेजेंटेशन का डर भाग जाएगा।

### देश की अमर कहानियों पर गेम बनाओ

गोवा के श्रीजीत गाडगिल ने सवाल किया, मेरा गेमिंग में बहुत इंटरेस्ट है। मगर पेरेंट्स नहीं समझते। मैं क्या करूं। पीएम ने जवाब दिया- भारत देश कहानियों से भरा हुआ है। आप खुद के गेम बनाओ। पंचतंत्र की कहानियों पर गेम बनाओ। अभिमन्यु की कहानी पर गेम बनाओ और अपनी वेबसाइट बनाकर उस पर लॉन्च करो। धीरे-धीरे देखोगे कि कितने लोग तुम्हारे गेम्स खेल रहे हैं। एक स्टूडेंट के सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने कहा- पता नहीं ये मार्क्स- मार्क्स की बीमारी कैसे फैल गई है। आप लोगों को पिछले साल के टॉप 1 से 10 तक के नाम याद हैं क्या? ये उपलब्धि तो कुछ देर के लिए होती है। हमें ये देखना चाहिए कि पढ़ाई से हमारे जीवन पर क्या असर हुआ है। न कि ये कि हमारे मार्क्स कितने आए हैं।

## मंत्री या बेटे का नाम बताएं राबड़ी, जेल में डाल देंगे

- *बिहार में नीट छात्रा केस में सम्राट चौधरी की चुनौती*



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में नीट छात्रा मौत मामले को लेकर राबड़ी देवी ने जो आरोप लगाए, उस पर राज्य के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि विपक्ष सिर्फ राजनीति कर रहा है। राबड़ी देवी पूर्व मुख्यमंत्री हैं। उनसे ऐसी उम्मीद नहीं थी।

अगर राबड़ी देवी को पता है कि किसी मंत्री का बेटा रेप केस में शामिल है, तो उन्हें उस व्यक्ति का नाम बताना चाहिए। बता दें, बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान राबड़ी देवी ने नीट छात्रा के मामले को उठाते हुए कहा था कि इस मामले में कोई मंत्री या मंत्री का बेटा शामिल है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राबड़ी देवी बिहार की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। अगर उन्हें पता है कि इस मामले में किसी मंत्री या मंत्री का बेटा शामिल है तो उन्हें जनता के सामने स्पष्ट रूप से नाम बताना चाहिए।

## पंजाब में एएपी नेता की गोली मारकर हत्या

- जालंधर में गुरुद्वारे के बाहर हमला, 6 गोलियां मारीं

**जालंधर (एजेंसी)।** पंजाब के जालंधर में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के नेता लक्की ओबरॉय की 6 फरवरी की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे 53 साल के थे। स्कूटी पर आए हमलावरों ने उन्हें 6 गोलियां मारीं। 5 सीने में और एक गोली सिर पर लगी। लक्की ओबेरॉय मॉडल टाउन इलाके में गुरुद्वारे में माथा टेकने आए थे। जैसे ही वे गुरुद्वारे से




निकलकर अपनी थार गाड़ी में बैठने लगे तो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां चलते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी समाने आया है। परिजन गंभीर हालत में उन्हें मॉडल टाउन के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार को विश्वास नहीं हुआ तो वे उन्हें शहर के श्रीराम अस्पताल लेकर गए। यहां भी उन्हें मृत बताया गया। एडीसीपी जयंत पुरी ने बताया कि पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस को उनकी टारगेट किलिंग का शक है।

## नेपाल से सटे यूपी के जिलों के लिए आया नया नियम

- अब बगैर पैन कार्ड नहीं कर पाएंगे किसी भी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारत और नेपाल सीमा से लगे उत?तर प्रदेश के जिलों में संपत्ति रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए यूपी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग ने अब इन जिलों में संपत्ति रजिस्ट्री के लिए पैन कार्ड अनिवार्य कर दिया है। इससे पहले फॉर्म-60 भरकर रजिस्ट्री करने की सुविधा थी जो अब खत्म कर दी गई है। यह फैसला मनी लॉन्ड्रिंग, अवैध धन के निवेश और सीमा पार से जुड़े संदिग्ध लेन-देन को रोकने के



उद्देश्य से लिया गया है। यूपी की महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा ने इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इसमें विभागीय ऑनलाइन लेखपत्र पंजीकरण सॉफ्टवेयर में खरीदार और विक्रेता दोनों पक्षों के पैन कार्ड की अनिवार्य प्रविष्टि और सत्यापन की व्यवस्था लागू की गई है। यह नया नियम विशेष रूप से नेपाल से सटे जिलों में लागू किया गया है। इन सीमावर्ती क्षेत्रों में बेनामी संपत्ति खरीदने की कई शिकायतें हैं।

# आसन के पास सांसदों को देख भड़के ओम बिरला

- लगाई फटकार, कहा-ऐसा सदन मैं नहीं चला सकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सांसदों के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला बुरी तरह नाराज हो गए। उन्होंने यह तक कह दिया कि अगर ऐसे ही गतिरोध पैदा करना है, तो मैं ऐसा सदन नहीं चला सकता। उन्होंने बताया है कि इस बार संसद सत्र के 19 घंटे से ज्यादा समय बगैर चर्चा के निकल गए। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने नारेबाजी को लेकर खुलकर नाराजगी जाहिर की है। बिरला ने शुक्रवार को कहा कि 19 घंटे सदन के बर्बाद हुए हैं। उन्होंने कहा, माननीय सदस्यगण मेरा हमेशा प्रयास रहता है कि सदन चले। और प्रश्नकाल सभी माननीय सदस्यों का समय होता है...। आप नियोजित तरीके से सदन नहीं चलाना चाहते, गतिरोध पैदा करना चाहते हैं। अभी तक 19 घंटे 13 मिनट सदन का समय बर्बाद हुआ है। 140 करोड़ जनता की अपेक्षा रहती है कि सदन चले, चर्चा हो, संवाद हो। उन्होंने कहा, लेकिन आप सभागृह की मर्यादा को समाप्त कर रहे हैं। देश की जनता सदन को चलती हुई देखना चाहती है। आपसे भी यही अपेक्षा करती है। पोस्टर और नारेबाजी के लिए आपको नहीं भेजा है। आपको चर्चा के लिए भेजा है।






## जनता ने खारिज कर दिया तो अदालत आ गए!

- चीफ जस्टिस ने प्रशांत किशोर की जनसुराज को खूब सुनाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर बिहार चुनाव रद्द करने की मांग की थी। जनसुराज की दलील थी कि चुनाव से पहले मुफ्त वाली योजनाओं के ऐलान से ऐसा नतीजा आया है। इसलिए बिहार चुनाव के नतीजों को अवैध घोषित कर नए सिरे से इलेक्शन कराए चाहिए। इस पर चीफ जस्टिस ने तीखा रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यदि आपको जनता ने रिजेक्ट कर दिया है तो आप राहत पाने के लिए अदालत में आ गए। यह तो सही चीज नहीं है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने जनसुराज की अर्जी को खारिज कर दिया और सुनवाई से ही इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच यह कहते हुए अर्जी खारिज कर दी कि आपको चुनाव में जनता ने खारिज कर दिया तो राहत के लिए अदालत आ गए। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 242 पर कैंडीडेट उतारे थे।



## पाकिस्तानी शिया मस्जिद में नमाज के दौरान ब्लास्ट

- आत्मघाती हमले में 70 लोगों की मौत, 169 घायल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद



में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, हमले में 70 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और राहत का काम शुरू कर दिया है। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया और घायलों को वहां पहुंचाया जा रहा है। इस्लामाबाद के पुलिस चीफ ने पूरे शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। अधिकारियों को आशंका है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है।

# स्वदेशी स्टील्थ वाला एचएएल का 'मास्टर प्लान' तैयार

- *आईएएफ को धड़ाधड़ देगा 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की बड़ी सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का कहना है कि अगर वह एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के प्रोटोटाइप प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं भी बनी तो भी जब इसके असली प्रोडक्शन का टाइम आएगा तो योगदान जरूर देगी। पिछले कुछ दिनों से मीडिया में ऐसी रिपोर्ट हैं कि देश की पहली पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट प्रोजेक्ट के शुरुआती स्टेज से एचएएल को बाहर कर दिया गया है। अब एचएएल के सीएमडी ने कई मीडिया हाउस को खुद बताया है कि देश के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को लेकर उनके क्या मास्टर प्लान हैं। एचएएल सीएमडी डीके सुनील ने बताया है कि उनकी कंपनी को यह सूचना नहीं मिली है कि उसे एएमसीए प्रोजेक्ट से अभी बाहर कर दिया गया है।



### 2035 तक एएमसीए प्रोजेक्ट में शामिल होने का इंतजार

डीके सुनील के मुताबिक अभी एएमसीए प्रोटोटाइप स्टेज में है और हमें उम्मीद है कि बड़ा ऑर्डर (इंडियन एयर फोर्स को सप्लाई के लिए) 2035 के आसपास दिया जाएगा। हम उस समय इसके लिए दावेदार होंगे। अगले दशक में कंपनी की रेवेन्यू ग्रोथ में एएमसीएको नहीं रखा गया है। मतलब, देश के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर एचएएल मास्टर प्लान बनाकर आगे बढ़ने की सोच चुका है, जिसमें डिजाइन और डेवलपमेंट के पचड़े में वह अभी नहीं पड़ेगी, सीधे प्रोडक्शन में शामिल होने का इंतजार करेगी। एचएएल सीएमडी के अनुसार एएमसीए 10 साल का प्रोजेक्ट है और अगर वह मान भी लें कि उसे शुरू में इसे लड़ाकू विमान के पांच प्रोटोटाइप को तैयार करने के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किया जाता, जब जेट निर्माण के लाइसेंस की बात आएगी, तब टेंडर डालेंगे।

### मौजूदा प्रोजेक्ट पर फोक करना चाहती है एचएएल

दरअसल, एचएएल अभी उन प्रोजेक्ट पर ज्यादा फोकस करना चाहती है, जिसपर पहले से ही वह काम कर रही है। इसके तहत उसके पास तेजस लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, ट्रेनर, सिविलियन इस्तेमाल वाले हेलीकॉप्टर शामिल हैं। उसके पास इनके ऑर्डर पहले से ही भरे पड़े हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को उममीद है कि उसके पास जल्द ही तेजस का भी ऑर्डर आने वाला है। संभावना है कि 4.5वीं पीढ़ी के इस स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान जो एडवांस वर्जन है, 2030-31 तक उत्पादन का ऑर्डर मिल सकता है। फिलहाल एचएएल का पूरा फोकस तेजस पर ही है, जिसकी कई डेडलाइन मिस हो चुकी है।

कंपनी ने कहा है कि उसके पास पांच फाइटर जेट पूरी तरह से वायु सेना में शामिल होने के लिए तैयार हैं और इंडियन एयर फोर्स से इसको लेकर बातचीत चल रही है। इनकी सप्लाई की अगली डेडलाइन मार्च 2026 है। इनके अलावा 9 और फाइटर जेट भी बन चुके हैं और उन्हें उड़ाकर भी देख लिया गया है। कंपनी इन सब पर पूरा फोकस रख रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### वैभव के नाम 2 नए वर्ल्ड रिकॉर्ड175 रन बनाकर यूथ वनडे के टॉप स्कॉरर बने

**पटना।** अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जा रहा है। बिहार के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने इस फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन किया। वैभव ने 80 बॉल में 175 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 15 छक्के शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 2 वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। वैभव ने U-19 विश्व कप में सबसे अधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। पूरे टूर्नामेंट में अबतक वैभव ने 30 छक्के लगाए हैं। उन्होंने बैक टू बैक दो छक्के मारकर दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस का रिकॉर्ड तोड़ा है। जिन्होंने 2022 अंडर-19 वर्ल्ड कप में 18 छक्के लगाए थे। वैभव सूर्यवंशी आज की अपनी शानदार पारी के बदौलत यूथ वनडे में भारत के टॉप स्कोरर की लिस्ट में नंबर- वन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने आज एक ही मैच में तीन खिलाड़ियों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वैभव यूथ वनडे करियर में अब तक 1412 रन बनाए हैं। CM नीतीश कुमार ने वैभव सूर्यवंशी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वैभव ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। मेरी शुभकामना है कि वैभव भविष्य में भारतीय टीम के लिए नया कीर्तिमान रचें और देश का नाम रौशन करें। वैभव सूर्यवंशी U-19 विश्व कप के एक टूर्नामेंट में सबसे अधिक छक्के जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस दौरान संजू सैमसन का रिकॉर्ड भी तोड़ा है। इस पूरे टूर्नामेंट में वैभव ने 15 छक्के लगाए हैं। वैभव अंडर-19 विश्व कप के एक टूनार्मेंट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की रिकॉर्ड लिस्ट में इंग्लैंड के जैक बर्नहम के साथ दूसरे नंबर पर काबिज हो गए हैं।



### पति को ड्रग्स लेने से रोका तो मारा, थूक चटवाई

**पटना।** बिहार राज्य महिला आयोग में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें पीड़िता ने अपने पति पर प्रताड़ित करते हुए थूक चटवाने का आरोप लगाया है। यहां तक की पीड़िता ने ये भी कहा कि उसके पति ने इतना मारा कि उसका 10 दिन का नवजात बच्चा कोमा में चला गया और फिर उसकी जान चली गई। उसके अंतिम संस्कार में भी पति शामिल नहीं हुआ। पीड़िता ने अपने पति पर कई लड़कियों से अवैध संबंध होने का भी आरोप लगाया है, जिसमें उसकी बचपन की दोस्त भी शामिल है। यह मामला मोकामा थाना क्षेत्र का है। पीड़ित महिला ने कहा कि, 'मेरी शादी 13 दिसंबर 2021 को कुमार गौरव से हुई थी। शादी के 10 दिन बाद मुझे पता चला कि मेरा पति ड्रग्स लेता है। मैंने उन्हें एक पेपर पर उजले पाउडर को नाक से खींचते हुए देखा। मैं यह देखकर दंग रह गई और जब मैंने उन्हे रोका तो वह मुझे मारने लग गए।' फिर पति ने कहा कि वह मुझे बस बच्चा पैदा करने और घर का काम करने के लिए लाए हैं। इसलिए सब कुछ देखकर भी मैं अपना मुंह बंद करके रखूं। मेरे सास ससुर भी कुछ नहीं कहते थे और अपने बेटे का ही साथ देते थे। पीड़ित महिला ने आगे बताया कि, '2023 में मैंने एक बेटे को जन्म दिया। मुझे लगा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। मेरे पति ने मुझे धमकी दी कि मैं मुंह बंद करके रखूं, नहीं तो मैं शादी तोड़कर चली जाओ। मेरे पिता ने शादी में अपना चार बीघा जमीन बेच दिया और बैंक बैलेंस भी खत्म हो गया। अपने पिता की इज्जत के बारे में सोच कर मैं वहीं रुक गई।'



### बिहार में फरवरी अंत तक ठंड से राहत नहीं

**पटना।** बिहार में मौसम सामन्य बना हुआ है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंडक महसूस की जा रही है, जबकि दिन में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिल रही है। मौसम विभाग ने आज किसी भी जिले में कोहरे का अलर्ट जारी नहीं किया है। आज सुबह बगहा-मधुबनी में कोहरा छाया हुआ है। हालांकि, आने वाले दिनों में पहाड़ी इलाकों में फिर से बारिश और बर्फबारी की संभावना है, जिससे बिहार में इसका असर देखा जा सकता है। फरवरी के दूसरे सप्ताह से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। पटना में फिलहाल मौसम सामान्य से हल्का ठंडा रहने की संभावना है। सुबह हल्की ठंड या ठंडी हवा महसूस हो सकती है, जबकि दिन में धूप निकलने से राहत मिलेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 10.3 डिग्री के साथ सीवान सबसे ठंडा जिला रहा। जबकि मोतिहारी में 10.6 डिग्री, समस्तीपुर में 10.9 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। पटना में न्यूनतम तापमान सबसे अधिक 14 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत इस समय ट्रांजिशन फेज में है, यानी ठंड धीरे-धीरे खत्म हो रही है लेकिन पूरी तरह विदा नहीं हुई है। जब तक पश्चिमी विक्षोभ और जेट स्ट्रीम का असर बना रहेगा, तब तक तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। फरवरी के दूसरे सप्ताह से ठंड में धीरे-धीरे कमी आने की संभावना जताई जा रही है।



### आपसी विवाद में दोस्त ने ही ली जान, पटना के फुलवारी शरीफ हत्याकांड का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** पटना के फुलवारी शरीफ में मोहम्मद महताब आलम हत्याकांड का खुलासा हो गया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, महताब की हत्या आपसी विवाद के चलते की गई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फुलवारी शरीफ के नया टोला निवासी मोहम्मद तौसीफ (19) के रूप में हुई है। पुलिस दूसरे आरोपी बंटी उर्फ काना को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। यह घटना 19 जनवरी 2026 को हुई थी, जब फुलवारी शरीफ के मिनहाज नगर स्थित एक खंडहरनुमा मकान में मोहम्मद महताब आलम को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामला सामने आने के बाद, फुलवारी शरीफ पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया था। इसी टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद तौसीफ को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान, तौसीफ ने बताया कि उसने अपने दोस्त बंटी उर्फ काना के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। हत्या का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि, 'बंटी उर्फ काना का आपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मृतक मोहम्मद महताब आलम के खिलाफ भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे और वह पहले जेल जा चुका था।'

### पटना-चहारदीवारी के पास कपड़े में लिपटा मिला नवजात का शव, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**पटना।** गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के जीएसई फील्ड की चारदीवारी के किनारे कपड़े में लिपटा एक नवजात शिशु का शव मिला है। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। सुबह वहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ी। जिसके बाद आसपास के लोगों में चर्चा का विषय बन गया। पहले लोगों ने आस पास में इस घटना के बारे में पता किया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर गर्दनीबाग थाना के थानाध्यक्ष को पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नवजात के शव को सुनसान स्थान पर फेंका गया है। फिलहाल गर्दनीबाग थाना की पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि शव को वहां किसने और कब रखा। पुलिस ने अपने बयान पर केस दर्ज कर लिया है। छानबीन हो रही है। खबर लिखे जाने तक सुराग नहीं मिल पाया था

# बिहार के 10 लाख कर्मचारियों को मिलेगा कैशलेस इलाज

एजेंसी, पटना

बजट सत्र के चौथे दिन बजट पर चर्चा हुई। 3 फरवरी को सरकार ने 3.47 लाख करोड़ का बजट पेश किया था। सुबह की कार्यवाही में सरकार ने सदन में बड़ी घोषणाएं की। अब विधायकों, विधान पार्षदों, सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। बीजेपी विधायक राघवेंद्र प्रताप के सवाल के जवाब के दौरान सरकार ने इसका ऐलान किया। इससे प्रदेश के 10 लाख कर्मचारियों और उनके आश्रितों को फायदा मिलेगा। बिहार में अब पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज बनेंगे। दरअसल, बेतिया-मधेपुरा में मेडिकल कॉलेज बनाए जाने के बाद भी वहां डॉक्टर नहीं जाते हैं। जिसे देखते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है। सरकारी डॉक्टरों को सुविधा देने के बाद भी अस्पताल नहीं आते हैं। ऐसे में सरकारी डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस से रोकने के लिए भी पॉलिसी बनाई जा रही है। सदन की कार्यवाही 9 फरवरी तक स्थगित कर दी गई है।



**विधानसभा की छत का हिस्सा गिरा, विधायक बचेः** बजट सत्र के चौथे दिन बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दरअसल, कई विधायक विधानसभा के लिए जा रहे थे तभी भवन की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिरा। गनीमत रही कि कोई विधायक इसकी चपेट में नहीं आए। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने स्पीकर से छत का हिस्सा टूटने की शिकायत की। उन्होंने कहा, 'आज सुबह कई माननीय सदस्य आए थे। पोर्टिको में खड़े थे। इतना बड़ा-बड़ा मलबा ऊपर से गिरा। कई विधायक बच गए।' बजट सत्र से पहले विधानसभा भवन का रेनोवेशन किया गया था। इसके लिए लाखों रुपए भी खर्च किए गए थे। बावजूद इसके छत का हिस्सा टूटकर गिर गया।

❑ **बीजेपी एमएलए की मांग पर सरकार का ऐलान, अब पीपीपी मोड में बनेंगे मेडिकल कॉलेज**

**CM के कहने पर अब्दुलबारी ने उतारी टोपीः** गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अब्दुल बारी सिद्दीकी से कहा कि यह टोपी अब्दुल बारी सिद्दीकी के सिर पर क्यों है, उतरवाइए। इस पर अब्दुल बारी सिद्दीकी ने अपनी टोपी उतार दी। उन्होंने कहा, लीजिए आपका हुकुम सिर आंखों पर मैं अपनी टोपी उतार देता हूं।

# पटना में कबाड़ी दुकानदारों के बीच फायरिंग




एक युवक के हाथ में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती, तीन आरोपी हिरासत में

एजेंसी, पटना

पटना के शास्त्री नगर इलाके के बालदेव भवन रोड में देर रात करीब 2 बजे आपसी विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष कबाड़ी की दुकान चलाते हैं, जिसमें एक बदरी आलम उर्फ आरजू नाम के युवक के हाथ में गोली लगी है। फिलहाल परिजनों ने एक निजी अस्पताल में युवक को एडमिट कराया है, जहां घायल स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**शास्त्री नगर थाने में शिकायत, 3 हिरासत मेंः** इस मामले को लेकर पीड़ित के पिता मोहम्मद सन्नी ने शास्त्री नगर थाने में शिकायत की है। SDPO सचिवालय 2 साकेत कुमार ने बताया कि, FIR दर्ज हो गई है। छानबीन की जा रही है। अंकित कुमार, किशोर राय, सन्नी साव को हिरासत में लिया गया है। इनसे पूछताछ हो रही है।'

**पुराने विवाद से जुड़ा मामलाः** साकेत कुमार ने आगे बताया कि, अंकित और किशोर पुनाईचक के रहने वाले हैं और सन्नी साव नौबतपुर का रहने वाला है। इन्हीं लोगों से बदरी उर्फ आरजू से विवाद हुआ था।

स्पेशल ओलंपिक्स नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026

## रोहतक में बिहार ने जीता 19 पदक सीनियर कैटेगरी में जीता 9 मेडल

एजेंसी, पटना

स्पेशल ओलंपिक्स नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में बिहार टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर कैटेगरी में विहार ने कुल 19 पदक जीता है। सीनियर कैटेगरी में 9 मेडल, जूनियर कैटेगरी में 3 मेडल और सब-जूनियर कैटेगरी में 5 मेडल बिहार ने अपने नाम किया है। यह चैंपियनशिप 2 से 6 फरवरी 2026 तक हरियाणा के रोहतक में आयोजित हुई थी।

**सीनियर कैटेगरी में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीताः** बिहार ने सीनियर कैटेगरी में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं, जूनियर कैटेगरी में 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज, सब-जूनियर कैटेगरी में 2 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।



❑ जूनियर-सब जूनियर कैटेगरी में दिखाया दम

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने कहा कि, 'बिहार के दल ने असाधारण दृढ़ संकल्प, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय मंच पर अपने सराहनीय प्रदर्शन से राज्य को गौरवान्वित किया। उनकी सफलता खेलों के माध्यम से समावेश, उत्कृष्टता और आत्मविश्वास को प्रेरित करती रहती है।'

# फुलवारी शरीफ में युवक की गोली मारकर हत्या, बाइक पर सवार होकर आए थे बदमाश

एजेंसी, पटना

पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र की विकास विहार कॉलोनी में शुक्रवार सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुनील कुमार के रूप में हुई है, जो स्थानीय निवासी मोहन यादव के बेटा था।

**बाइक सवार अपराधी पहुंचे, सुनील पर दागी गोलीः** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुनील कुमार कॉलोनी में मौजूद थे, तभी बाइक सवार अपराधी वहां पहुंचे। अपराधियों ने सुनील को निशाना बनाकर गोली चला दी। गोली लगने से सुनील कुमार मौके पर ही गिर पड़े और उनकी मृत्यु हो गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

**घटनास्थल से गोली के तीन खाली खोखे बरामदः** घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से गोली के तीन खाली खोखे बरामद किए गए हैं। फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया, 'मृतक युवक के खिलाफ नौबतपुर सहित पटना के आसपास के थाना क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।'



**आपसी रंजिश को लेकर हत्या की आशंकाः** सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि, मृतक युवक की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई है, जो नौबतपुर का रहने वाला था। उन्होंने आशंका जताई है कि आपसी रंजिश को लेकर हत्या हो सकती है।

♦ **तीन खोखे बरामद, एफएसएल-फॉरेंसिक यूनिट मौके पर**

**एफएसएल और फॉरेंसिक यूनिट को बुलायाः** मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को भी दी गई, जिसके बाद एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम और फॉरेंसिक यूनिट को घटनास्थल पर बुलाया गया। पुलिस के अनुसार, हत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है और अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी ने बताया कि, 'अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस फिलहाल मामले की गहन जांच में जुटी है।'

# 5 लाख रिश्वत लेते असिस्टेंट डायरेक्टर अरेस्ट, नियोजन भवन में विजिलेंस टीम ने रंगेहाथ दबोचा

एजेंसी, पटना

पटना में निगरानी विभाग की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विजिलेंस टीम ने नियोजन भवन में पदस्थापित असिस्टेंट डायरेक्टर परमजय सिंह को 5 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी टीम ने नियोजन भवन की पार्किंग से आरोपी अदिकारी को गिरफ्तारी किया, जहां वह रिश्वत की रकम ले रहा था।

**शिकायत के आधार पर बिछाया गया जालः** इस मामले की शिकायत उपनिदेशक ओमप्रकाश ने निगरानी विभाग से की थी। शिकायत की जांच के बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाया। निगरानी के DSP पवन कुमार ने बताया कि, ओमप्रकाश ने निगरानी विभाग को बताया कि 26 आधौगिक प्रशिक्षण संस्थानों को कार्यालय खर्च और उपसकर खर्च के लिए 1 करोड़ 70 लाख 30000 रुपए जारी किए गए थे। पहले किश्त के तौर पर आज नियोजन भवन के दफ्तर के नीचे पार्किंग में खड़ी अपनी कार में रिश्वत के तौर पर 5 लाख रूपये ले रहे थे। इसी बीच अरेस्ट कर लिया गया। फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

उप-निदेशक की शिकायत पर कार्रवाई



**पूछताछ और आगे की कार्रवाईः** गिरफ्तारी के बाद निगरानी की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। मामले से जुड़े दस्तावेजों और अन्य संभावित लेन-देन की भी जांच की जा रही है। निगरानी विभाग का कहना है कि पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**विभाग पर आरोपी ने लगाए आरोपः** पकड़े गए आरोपी परमजय सिंह ने खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि नियोजन भवन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार चल रहा है। 80 करोड़ का एक टेंडर हुआ था। इसे 500 करोड़ में नियोजन भवन के अधिकारियों ने चेंज कर दिया। जून 2025 में जब हमलोग आए तो दफ्तर के अधिकारियों को लग रहा था कि हमलोग ही भंडाफोड़ रहे हैं। इसलिए साजिशन मेरी हर एक बात को रिकॉर्ड किया और ओमप्रकाश ने आज फंसा दिया। इनलोगों के भ्रष्टाचार के खिलाफ CMO, PMO और निगरानी में भी की है। यह अब तक का नियोजन भवन में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है।

## नेत्रहीन टी-20 वर्ल्ड कप की विनर खिलाड़ी सीएम से सम्मानित

एजेंसी, पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के 'संकल्प' सभागार में नेत्रहीन टी-20 महिला विश्व कप 2025 की विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी अनु कुमारी को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें 23 लाख 43 हजार 750 रुपये का चेक और सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। अनु कुमारी उस भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं, जिसने विश्व कप जीतकर देश का नाम रोशन किया।

**खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का भरोसाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनु कुमारी को बधाई देते हुए कहा कि वह इसी तरह अच्छा प्रदर्शन करती रहें और राज्य व देश का नाम रोशन करती रहें। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। राज्य में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है और खिलाड़ियों को हर संभव मदद दी जा रही है।



**खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार का फोकसः** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चला रही है। सम्मान मिलने के बाद अनु कुमारी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में खेल का माहौल बेहतर हो रहा है और इससे आने वाले समय में अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे।

### तेजप्रताप यादव पर अपहरण का आरोप, पटना के श्रीकृष्णापुरी थाने में संतोष रेणु ने दी शिकायत

एजेंसी, पटना

पटना में राजद नेता तेजप्रताप यादव और उनके समर्थकों पर अपहरण कर हत्या की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगा है। यह आरोप संतोष रेणु यादव ने लगाया है। उन्होंने इस संबंध में श्रीकृष्णापुरी (एसकेपुरी) थाना में लिखित शिकायत दी है। एसकेपुरी के थानेदार जितेंद्र राणा ने बताया कि, 'शिकायतकर्ता से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। सनहा दर्ज कर के छानबीन की जा रही है। जिनके दफ्तर पर गया था, उनसे भी संपर्क कर के जानकारी ली गई है।'

**कार्ड देने के बहाने बंधक बनाने का आरोपः** संतोष रेणु यादव का आरोप है कि 'तेज प्रताप यादव और उनके समर्थकों की नियत अपहरण कर के हत्या करने की थी। 4 फरवरी को कार्ड देने के बहाने मुझे बंधक बनाकर उनके समर्थक 42-A आवास पर ले गए और वहीं रखा था। हत्या की साजिश रची जा रही थी। इसी बीच संयोगवश भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के नेता आशुतोष कुमार पहुंच गए।' संतोष के मुताबिक, बात लीक नहीं हो, 'इस डर से मुझे तेज प्रताप यादव झांसा देने लगे कि मैं तुम्हें MLC बनाना चाहता हूं, तुमको पुनः पार्टी ज्वाईन करने के लिए बुलाया हूं। संतोष का आरोप है कि, 'जबरदस्ती उन्हें पार्टी का टोपी पहनाकर जबरन हंसने पर मजबूर करके फोटो खींच लिया गया। अगर समय पर आशुतोष कुमार का आगमन न होता तो ये सभी लोग उनकी हत्या करवा देते।'




❑ **बंधक बनाकर हत्या की धमकी देने का दावा**

# 'जनता ने नकारा तो कोर्ट का इस्तेमाल कर रहे'

एजेंसी, पटना

प्रशांत किशोर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने 2025 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की और मांग को खारिज कर दिया है। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसकी मांग को सुप्रीम कोर्ट ने मानने से मना कर दिया है। कोर्ट ने जनसुराज पार्टी को पहले हाईकोर्ट जाने को कहा है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जनता ने आपको नकार दिया तो कोर्ट का इस्तेमाल लोकप्रियता हासिल करने के लिए कर रहे हैं। इसके बाद जनसुराज पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली।

**हार के बाद आपको याद आईः** SC ने कहा, जब पार्टी चुनाव में अपना सब कुछ हार गई तब वो यहां आ गई। आपको सद्भावना के बारे में भी बताना होगा। उन्होंने कहा कि फ्रीबीज (मुफ्त योजनाओं) के मुद्दे की हम जांच कर रहे हैं। लेकिन यहां ऐसा मामला है, जहां एक पॉलिटिक्ल पार्टी, जो चुनाव में सब कुछ हार गई, हमारे सामने आ गई है। हम राजनीतिक दलों के कहने पर फ्रीबीज के मुद्दे की जांच नहीं करना चाहते हैं। सीजेआई ने साफ कहा कि कोई चाहे तो योजना को चुनौती दे सकता है, लेकिन यहां मुख्य मांग चुनाव को रद्द करने की है।



जनसुराज के वकील चंद्र उदय सिंह ने कहा जो राज्य गरीब हैं और बजट में भी इसका प्रावधान नहीं था, ना ही पॉलिसी मैटर था लेकिन वहां सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार ने चुनाव के दौरान जब आदर्श आचार संहिता लागू थी, तो महिलाओं के खाते में दस दस हजार रुपए डाले. ये चुनावी आचार संहिता का सरासर उल्लंघन है।

❑ **सुप्रीम कोर्टकी प्रशांत किशोर को फटकार, पूछा- आपकी पार्टी को कितने वोट मिले**

**याचिका में कहा- महिलाओं के खातों में पैसे ट्रांसफर कर जीतेः** याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि इस योजना के तहत चुनाव प्रक्रिया के दौरान 15600 करोड़ रुपए महिला वोटरों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए? सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया था कि चुनाव के दौरान बिहार सरकार ने गैरकानूनी तरीके अपनाए, इसलिए चुनाव रद्द करके दोबारा करवाए जाएं। याचिका में कहा गया था कि राज्य में जब आदर्श आचार संहिता लागू थी, तब महिला वोटरों को 10 हजार रुपये सीधे ट्रांसफर किए गए। उस वक्त ऐसे कदम को गैरकानूनी माना जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय विद्यालय में जूनियर्स ने सीनियर्स को दी भावभीनी विदाई



**बीएनएम @ मोतिहारी।** नेहरू स्टेडियम स्थित केंद्रीय विद्यालय, मोतिहारी में शुक्रवार को नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग विदाई समारोह आयोजित कर दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्या शांतला सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। छात्राओं की सामूहिक सरस्वती वंदना ने समारोह को गरिमामय बना दिया। प्रभारी प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में प्राप्त शिक्षा और संस्कार उन्हें जीवन में सही दिशा देंगे। उन्होंने सफलता के लिए एकाग्रता, आत्मविश्वास, परिश्रम, ईमानदारी और अनुशासन को आवश्यक बताया। सामाजिक विज्ञान टीजीटी संतोष कुमार गुप्ता ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। सृष्टि बाला और सान्वी के नेतृत्व में नाटक, आराध्या गोविंद का एकल नृत्य तथा डी.एन. मिश्रा और कौशिकी मिश्रा का गीत विशेष आकर्षण रहा। समूह नृत्य और खेल गतिविधियों ने समारोह को यादगार बना दिया। अस्तित्व प्रकाश और अंशिका ने मंच संचालन किया, जबकि पुस्तकालयाध्यक्ष रत्नेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की बड़ी संख्या उपस्थित रही।

### हत्या के प्रयास मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पिपरा थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास से जुड़े दो मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पिपरा थाना कांड संख्या 35/26 एवं 453/25 में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह सफलता मिली। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शंभु रॉय (पिता–हुलास रॉय, निवासी–चकनिया) तथा सुरेश दास (पिता–बाबूलाल दास, निवासी–चिंतामनपुर) के रूप में की गई है। दोनों पिपरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अभिलेख के अनुसार सुरेश दास के विरुद्ध पूर्व में पिपरा थाना कांड संख्या 317/20 (मारपीट) दर्ज है।

### 10 फरवरी को जिला नियोजनालय में जॉब कैंप व कैरियर मार्गदर्शन शिविर

**बीएनएम @ मोतिहारी।** जिला नियोजनालय, पूर्वी चंपारण परिसर में 10 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब कैंप में सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड भाग लेगी, जिसमें अभ्यर्थियों का चयन एक्जीक्यूटिव पद के लिए किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है। पुरुष अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 20 से 32 वर्ष रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल पूर्वी चंपारण सहित बिहार के विभिन्न जिलों में होगा। वेतनमान 18,000 से 21,000 रुपये सीटीसी निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त आवास, प्रोत्साहन राशि, भविष्य निधि (पीएफ) और चिकित्सा सुविधा जैसी अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। जॉब कैंप के माध्यम से कुल 150 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपना बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और फोटो के साथ निर्धारित समय पर जिला नियोजनालय परिसर में उपस्थित हों।

### फार्मर रजिस्ट्रेशन अभियान में तेजी लाने का निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**बीएनएम @ अरेराज।** फार्मर रजिस्ट्रेशन (FR) अभियान की धीमी प्रगति को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को अभियान में पूरी सक्रियता से जुड़ने का निर्देश दिया है। राज्य स्तर पर निर्धारित 50 प्रतिशत लक्ष्य अभी तक प्राप्त नहीं हो सका है, जिसके कारण अभियान की अवधि का विस्तार किया गया है। अरेराज अनुमंडल की प्रगति भी लक्ष्य से काफी पीछे बताई जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया है कि वे प्रतिदिन निर्धारित समय पर फील्ड और कैंप में उपस्थित होकर अधिकतम पात्र किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करें तथा अभियान को तेज गति से आगे बढ़ाएं। एसडीओ अंजली शर्मा ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्रेशन किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए अभियान की प्रगति को शीघ्र लक्ष्य के अनुरूप लाने का निर्देश दिया। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अभियान में लापरवाही या अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारी और कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जवाबदेही उन्हीं की होगी। प्रशासन द्वारा अभियान की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द लक्ष्य प्राप्त किया जा सके और अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित हो।

# फूलवरिया टोल प्लाजा बवाल मामले में प्राथमिकी दर्ज, डॉ. श्रवण कुमार नामजद

**सागर सूरज**

**मोतिहारी।** सुगौली थाना क्षेत्र स्थित फूलवरिया टोल प्लाजा पर हुए बवाल के मामले में अब पुलिसिया कार्रवाई तेज हो गई है। टोल प्लाजा प्रबंधन की शिकायत पर सुगौली थाना कांड संख्या 54/26 दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 308(2) एवं 308(3) के तहत दर्ज की गई है।

इस मामले में स्थानीय चिकित्सक डॉ. श्रवण कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

घटना बुधवार रात की बताई जा रही है, जब कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ टोल प्लाजा परिसर में पहुंचे और कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार व धमकी देने लगे। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

टोल प्लाजा मैनेजर सोनू सिंह द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि वाहन संख्या BR06DY8969 से पहुंचे 8–10 लोगों ने, जिनका नेतृत्व कथित रूप से डॉ. श्रवण कुमार कर रहे थे, टोल कर्मियों को जान से मारने की धमकी दी और टोल संचालन में बाधा उत्पन्न की।

आवेदन में यह भी कहा गया है कि उक्त लोगों के हाथों में लाठी-डंडे थे, जिससे कर्मचारियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई।

स्थानीय लोगो के अनुसार,



विवाद की जड़ फास्टैग से बार-बार पैसे कटने और लोकल पास को लेकर थी। प्रबंधन का दावा है कि NHAI के नियमों के अनुसार स्थानीय वाहनों के लिए मासिक पास की व्यवस्था है, लेकिन बिना वैध पास के टोल फ्री कराने का दबाव बनाया गया।

**» वायरल वीडियो और सीसीटीवी के आधार पर जांच तेज**

वहीं, दूसरी ओर डॉ. श्रवण कुमार ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि उनका लोकल पास पहले से बना हुआ था, लेकिन टोल प्रबंधन द्वारा उसका नवीनीकरण नहीं किया जा रहा था।

स्थानीय निवासी होने के कारण उन्हें रोजाना टोल से गुजरना पड़ता है, जिससे फास्टैग से बार-बार राशि कट रही थी। इसी बात को लेकर टोल कर्मियों से विवाद हुआ। डॉ. कुमार का आरोप है कि टोल कर्मियों ने उनके साथ गाली-गलौज की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, CCTV फुटेज और वायरल वीडियो को साक्ष्य के रूप में खंगाला जा रहा है।

इस केस की जांच ASI जय प्रकाश कुमार सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध हथियारों के साथ युवक गिरफ्तार, एसएसबी-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**बीएनएम @ मोतिहारी**



जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध हथियार लेकर इलाके में घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद कुंडवा चैनपुर थाना पुलिस और एसएसबी की टीम ने संयुक्त गश्ती के दौरान घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद इम्तियाज, पिता रमजान मियां, ग्राम फुलवरिया टोला, थाना ढाका, जिला पूर्वी चम्पारण के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी ढाका थाना में मारपीट और उत्पाद अधिनियम से जुड़े मामले दर्ज हैं। इस संबंध में कुंडवा चैनपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी के साथ संयुक्त कार्रवाई कर अभियुक्त को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेम प्रसंग में घर पर फायरिंग मामले का चार घंटे में खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**



नगर थाना क्षेत्र के गांधीनगर रमना में 4 फरवरी 2026 को आकाश कुमार के घर पर की गई गोलीबारी की घटना का पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करते हुए उन्हें घटना में प्रयुक्त अपाचे बाइक और स्विफ्ट कार के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बंजरिया थाना क्षेत्र के गम्हरिया निवासी नागेंद्र राय के पुत्र विशाल कुमार, नगर थाना क्षेत्र के कोल्हुरवा निवासी दीपक मिश्रा के पुत्र शुभम मिश्रा, सुनील साह के पुत्र गणेश कुमार तथा गौरीशंकर स्कूल निवासी कुमार राजीव रंजन के पुत्र यश कुमार शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर विशाल कुमार के घर (डेरा) से 9 खोखा तथा गोलू कुमार के घर से 4 खोखा बरामद किया है। मामले का खुलासा करते हुए सदर डीएसपी दिलीप कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि घटना के पीछे एकतरफा प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवती और उसके परिजनों को डराने के उद्देश्य से फायरिंग की थी। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग एक वर्ष से युवती के साथ छेड़खानी की घटनाएं हो रही थीं, लेकिन इस संबंध में पहले कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। पुलिस के अनुसार इस घटना में कुछ अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर 11 फरवरी को मेगा शिविर, 30 लाख लोगों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य

**बीएनएम @ मोतिहारी**



जिले में सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जीविका, पिरामल तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देश दिया गया कि 11 फरवरी को आयोजित मेगा शिविर के माध्यम से लगभग 30 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाए। साथ ही 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलने वाले सामूहिक दवा सेवन अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग को आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से घर-घर जागरूकता फैलाने और दवा सेवन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को पंचायत स्तर पर मुखिया, वार्ड सदस्य और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने को कहा गया। वहीं जीविका को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समुदाय में प्रचार-प्रसार करने तथा स्वयं और अपने परिवार का दवा सेवन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा सेवन से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ मेगा शिविर और सूक्ष्म कार्ययोजना के अनुसार कार्य करते हुए नियमित निगरानी और प्रतिवेदन सुनिश्चित करें। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 3268 दवा सेवन दल कार्य करेंगे, जिनमें 5021 आशा कार्यकर्ता और 1348 स्वयंसेवक शामिल हैं। इनके पर्यवेक्षण के लिए 331 आशा फैसिलिटेटर तैनात किए गए हैं। साथ ही प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया की स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल के गठन का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले की कुल जनसंख्या 74,10,740 है, जिसमें लगभग 63 लाख पात्र लोग इस अभियान के अंतर्गत आते हैं। अभियान 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा, जबकि 11 फरवरी को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ के माध्यम से दवा सेवन कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसे समय पर दवा सेवन से रोका जा सकता है। सभी विभागों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल करना होगा।

## संस्कृत विभाग की दो छात्राओं का केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति के लिए चयन





**बीएनएम @ मोतिहारी**

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की स्नातकोत्तर की छात्रा श्वेता कुमारी और सृष्टि भारद्वाज का चयन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय और संस्कृत विभाग में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि यह छात्रवृत्ति न केवल दोनों छात्राओं के लिए प्रेरणा का विषय है, बल्कि इससे विभाग के अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित होंगे और भविष्य में इस प्रकार की उपलब्धि प्राप्त करने के लिए प्रयास करेंगे। संस्कृत विभाग के प्रोफेसर डॉ. श्याम कुमार झा, सहायक आचार्य डॉ. बबलू पाल और डॉ. विश्वजीत बर्मन ने भी दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मोतिहारी में विशेष ऋण वितरण शिविर, 46 लोगों को 1.76 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत

**बीएनएम @ मोतिहारी**



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में विशेष ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत नए उद्यम शुरू करने के इच्छुक लोगों को ऋण स्वीकृत और वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर तथा जिले के सभी बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज (पीएमएफएमई) और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए बैंकों को निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उद्यमियों से संवाद कर उनके व्यवसायिक अनुभव और समस्याओं को सुना। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिया कि नया व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक और संबंधित कार्य का अनुभव रखने वाले लोगों को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि जिले में रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें। शिविर में कुल 46 लोगों को 1 करोड़ 76 लाख 15 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया, जबकि 12 लाभार्थियों के बीच 1 करोड़ 39 लाख 41 हजार रुपये की ऋण राशि वितरित की गई।

## नशामुक्त मोतिहारी की दिशा में एसपी स्वर्ण प्रभात का सख्त और सुधारवादी अभियान जारी

**बीएनएम @ मोतिहारी**



मोतिहारी को नशामुक्त बनाने की दिशा में जिला पुलिस ने जिस प्रतिबद्धता और निरंतरता के साथ कार्रवाई शुरू की है, उसने कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक सुधार की एक मजबूत मिसाल पेश की है। मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में चल रहा नशा विरोधी अभियान अब केवल बड़े शराब माफियाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसकी जद में अब छोटे दुकानदार और छिपे हुए नेटवर्क भी आने लगे हैं। पिछले कुछ महीनों में मोतिहारी पुलिस ने शराब माफियाओं पर जिस तरह शिकंजा कसा है, वह अभूतपूर्व माना जा रहा है। लाखों लीटर अवैध शराब की बरामदगी, सरेह और दियारा इलाकों तक पुलिस की सख्त निगरानी, लगातार छापेमारी और माफियाओं की गिरफ्तारी ने अवैध शराब कारोबार की कमर तोड़ दी है। इसके साथ ही माफियाओ को पकड़वाने वाले को इनाम की घोषणा और बड़े स्तर पर कुर्की अभियान ने शराब माफियाओं के हौसले पस्त कर दिए हैं। इसी कड़ी में अब एसपी स्वर्ण प्रभात की सूक्ष्म दृष्टि और सुधारवादी सोच सामने आई है। पुलिस ने हाल ही में एक सार्वजनिक सूचना जारी कर लोगों से सूखे नशे—जैसे स्मैक, गांजा, चरस आदि—की बिक्री करने वाले छोटे दुकानों और व्यक्तियों की जानकारी देने की अपील की है। यह कदम बताता है कि पुलिस अब जमीनी स्तर पर फैले नशे के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए गंभीर है। पुलिस द्वारा जारी सूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और सही जानकारी देने पर उचित इनाम भी दिया जाएगा। यह पहल न केवल पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास को मजबूत करती है, बल्कि समाज को इस लड़ाई में भागीदार भी बनाती है। एसपी स्वर्ण प्रभात का यह अभियान सिर्फ दमनकारी नहीं, बल्कि सुधारवादी और जागरूकता आधारित है। बड़े अपराधियों के साथ-साथ छोटे स्तर पर पनप रहे नशे के कारोबार पर नजर रखना उनकी दूरदर्शी रणनीति को दर्शाता है। इससे साफ है कि मोतिहारी पुलिस अब नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के मूड में है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंटर परीक्षा में नकल करते छात्र निष्कासित, पुलिस को सौंपा गया

**बीएनएम @ तुरकौलिया।** इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान अंग्रेजी विषय की परीक्षा में नकल करते एक छात्र को वीक्षकों ने पकड़ लिया। वीक्षकों की अनुशंसा पर छात्र को परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया। निष्कासित छात्र की पहचान आशीष कुमार के रूप में हुई है, जो चिरैया थाना क्षेत्र का निवासी बताया जाता है। इंटर परीक्षा के चौथे दिन अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान उसे नकल करते हुए पकड़ा गया। केंद्राधीक्षक इरशाद अहमद ने बताया कि छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया गया है और आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना को पत्र भेजा गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि छात्र परीक्षा के दौरान नकल करते पकड़ा गया है, जिस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रभारी थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 27 वर्ष पुराने मामले में बरी हुआ अभियुक्त



**बीएनएम @ बगहा :** बगहा व्यवहार न्यायालय ने करीब 27 वर्ष पुराने अपहरण के एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आरोपी रामजी राय को दोषमुक्त कर दिया है। यह मामला वर्ष 1999 का है, जब गोबरधाना थाना क्षेत्र के पारस यादव ने अपनी पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मानवेन्द्र मिश्र की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव और पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए अभियुक्त को सभी आरोपों से बरी कर दिया।न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की इकलौती गवाह और पीड़िता की माँ, प्रभावती देवी ने अपने ही आरोपों को नकार दिया। उन्होंने गवाही दी कि उनकी पुत्री उस समय बालिग थी और अपनी मर्जी से अभियुक्त के साथ गई थी। मामले में सबसे दिलचस्प मोड़ तब आया जब यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी और युवती ने न केवल विवाह किया, बल्कि उनके अब चार बच्चे भी हैं जिनकी शादियां हो चुकी हैं। लगभग तीन दशकों तक चले इस कानूनी सफर के बाद, अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष कोई भी ठोस साक्ष्य पेश करने में विफल रहा है। लंबी प्रतीक्षा के बाद आए इस फैसले ने एक पुराने कानूनी विवाद का सुखद अंत किया है।

### भाजपा में शामिल हुए नेहाल आलम



**बीएनएम @ बगहा :** भाजपा पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ता नेहाल आलम ने विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल और जिलाध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला की उपस्थिति में हुए इस मिलन समारोह में प्रदेश मंत्री अजय यादव भी विशेष रूप से मौजूद रहे।नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा 'सबका साथ-सबका विकास' की नीति पर चलती है और अल्पसंख्यक समाज की बढ़ती भागीदारी से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद नेहाल आलम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों और नीतियों के प्रति अपनी अटूट आस्था जताई। उन्होंने संकल्प लिया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। इस अवसर पर हृदयानंद दुबे और रितु जायसवाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धनहा चौक पर 'आकाश ट्रेडर्स' का भव्य शुभारंभ

**बीएनएम @ बगहाः** बगहा अनुमंडल के धनहा चौक पर शुक्रवार को आकाश ट्रेडर्स हार्डवेयर दुकान का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाल्मीकिनगर के पूर्व विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर ऐसे व्यावसायिक केंद्रों के खुलने से न केवल आम जनता को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।दुकान के संचालक आकाश कुमार सिंह ने बताया कि यहाँ ग्राहकों को उचित दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले हार्डवेयर सामान उपलब्ध कराए जाएंगे। उद्घाटन समारोह में समाजसेवी वीरेंद्र तिवारी, पैक्स अध्यक्ष मनीष सिंह राणा और विवेक यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने संचालक को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**बीएनएम @ कटिहार ।** रोशना थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अपनी मुहिम में एक बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने 4,844.655 लीटर विदेशी शराब की एक विशाल खेप जब्त की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मालदा (पश्चिम बंगाल) से एक ट्रक शराब लेकर रोशना चेक पोस्ट की ओर आ रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई।इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक प्रवीण दास (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया है, जो ओल्ड मालदा, पश्चिम बंगाल का निवासी है। पुलिस ने न केवल शराब, बल्कि तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह कार्रवाई तस्करों के मनोबल को तोड़ने वाली है। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

### बेटे की हत्या के 10वें दिन पिता ने भी त्यागे प्राण



**बीएनएम @ पूर्णिया।** पूर्णिया के नेवालाल चौक स्थित बसंत बिहार में 10 दिन पूर्व सूरज बिहारी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस गहरे सदमे और मानसिक आघात को उनके पिता जवाहर यादव बर्दाश्त नहीं कर सके। बेटे के क्रिया-क्रम के दौरान ही उनकी तबीयत बिगड़ी और अस्पताल ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई। एक ही परिवार में 10 दिनों के भीतर दो मौतों ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।इस दोहरे प्रहार के बाद स्थानीय जनता में शोक के साथ-साथ पुलिस प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पूर्णिया पुलिस अब तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है, जिसे पुलिस की बड़ी विफलता माना जा रहा है। जवाहर यादव के आवास पर उमड़ी सैकड़ों लोगों की भीड़ और तनावपूर्ण माहौल यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि यदि हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो जनता सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए विवश होगी। वर्तमान में स्थिति गंभीर बनी हुई है और लोग प्रशासन से त्वरित न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

# 5 लाख रिश्वत लेते सहायक निदेशक गिरफ्तार, घर से 15 लाख से अधिक नकद बरामद

**बीएनएम @ पटना**



भ्रष्टाचार के विरुद्ध निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार के सहायक निदेशक परमजय सिंह को 5 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उनके पटना स्थित आवास की तलाशी में अब तक लगभग 15 लाख रुपये से अधिक नकद राशि और निवेश से संबंधित कई कागजात बरामद किए गए हैं। तलाशी की कार्रवाई जारी है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने निगरानी थाना कांड संख्या 15/26 (दिनांक 05 फरवरी 2026) में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुक्रवार को नियोजन भवन, पटना के उत्तर दिशा स्थित पार्किंग के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस मामले में मुजफ्फरपुर के सिद्धार्थनगर निवासी ओम प्रकाश ने ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि नए व्यवसाय के लिए 26 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को वेतन, कार्यालय व्यय और मशीन उपकरण मद में कुल 2 करोड़ 69 लाख 40 हजार 208 रुपये का आवंटन निर्गत करने की प्रक्रिया चल रही थी। आरोप है कि इस आवंटन के एवज में आरोपी सहायक निदेशक ने निदेशक नियोजन एवं प्रशिक्षण के नाम पर कुल 10 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाए जाने के बाद पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में धावादल का गठन किया गया और कार्रवाई कर आरोपी को 5 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उपाधीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में टीम बनाकर आरोपी के पटना स्थित आवास पर तलाशी ली गई, जहां से अब तक लगभग 15 लाख रुपये से अधिक नकद राशि और निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं। निगरानी ब्यूरो ने बताया कि अभियुक्त से पूछताछ के बाद उसे विशेष निगरानी न्यायालय, पटना में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है।

## छापेमारी में 50 लीटर चुलाई शराब व बाइक जब्त, तस्कर फरार

**बीएनएम @ हरसिद्धि**

थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरसिद्धि पुलिस ने छापेमारी कर करीब 50 लीटर देसी चुलाई शराब और एक ग्लैमर बाइक बरामद की है। हालांकि पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर ओलहां स्थित भुतहा मंदिर के समीप छापेमारी की गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसआई उमेश कुमार सिंह ने किया। उनके साथ चौकीदार तफसीर आलम और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से लगभग 50 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त ग्लैमर बाइक (नंबर BR-06-BU-6199) को भी जब्त कर लिया गया। बरामद शराब और बाइक को थाना लाकर जब्ती सूची तैयार की गई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने बताया कि फरार तस्कर की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पचपकड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 23.46 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**बीएनएम @ पचपकड़ी**



थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के रुपौलिया गोपी गांव में छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान हरिशंकर साह (41 वर्ष), पिता सत्यनारायण साह, निवासी रुपौलिया गोपी, थाना पचपकड़ी, जिला पूर्वी चंपारण के घर से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब में प्रीमियम ब्लैक व्हिस्की (8PM) की 180 एमएल वाली 72 बोतल (कुल 12.96 लीटर), ब्लेंडर्स प्राइड की 750 एमएल वाली 12 बोतल (कुल 9 लीटर) तथा मैकडॉवेल्स नंबर-1 लग्ज़री की 375 एमएल वाली 4 बोतल (कुल 1.5 लीटर) शामिल है। इस प्रकार कुल 23.46 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। पुलिस ने मौके से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है और उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## सूखा नशा के विरुद्ध पुलिस का अभियान तेज, बस स्टैंड इलाके में छापेमारी

**बीएनएम @ मोतिहारी**



जिले में सूखा नशा के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर शहर के संवेदनशील इलाकों में लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत कुमार के नेतृत्व में छतौनी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड और उसके आसपास स्थित कई दुकानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बस स्टैंड परिसर में स्थित एक दुकान से गांजा और नशा पैक करने में इस्तेमाल होने वाला रैपर बरामद किया। बरामदगी के बाद पुलिस ने संबंधित दुकानदार से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में सूखा नशा के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को विशेष रूप से चिन्हित कर निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस का कहना है कि नशा कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस छापेमारी अभियान में सदर डीएसपी दिलीप कुमार, साइबर डीएसपी अभिनव परासर, प्रशिक्षु डीएसपी कुमारी प्रियंका, नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन, छतौनी थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, एसआई प्रीति पाल सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि नशे के अवैध कारोबार की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। पुलिस के अनुसार जिले में सूखा नशा के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और संदिग्ध स्थानों पर नियमित छापेमारी की जाएगी।

## हंगामे के आरोप में दो पियक्कड़ गिरफ्तार

**बीएनएम @ बगहा**

बगहा पुलिस जिले के नौरंगिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब पीकर हंगामा करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शुभम कुमार के अनुसार, डायल 112 से मिली सूचना के आधार पर सिरिसिया जरलहिया गांव से विजुनी कुमार को पकड़ा गया, जो नशे की हालत में उपद्रव कर रहा था। वहीं, नौरंगिया चौक पर हंगामा कर रहे सफिक अंसारी को भी हिरासत में लिया गया, जिसकी जांच रिपोर्ट में अल्कोहल की पुष्टि हुई है।दोनों आरोपितों ने उत्तर प्रदेश में शराब पीने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बिहार निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## मुख्यमंत्री ने विश्व विजेता अनु को 23.43 लाख का चेक सौंपा

» **बिहार की बेटी का वैश्विक सम्मान**

**बीएनएम @ पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित 'संकल्प' सभागार में बिहार की बेटी और भारतीय नेत्रहीन महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी अनु कुमारी को सम्मानित कर खेल जगत में एक नई ऊर्जा का संचार किया। प्रथम नेत्रहीन महिला टी-20 विश्व कप-2025 की विजेता टीम का हिस्सा रहीं अनु कुमारी को मुख्यमंत्री ने 23 लाख 43 हजार 750 रुपये का चेक और अंगवस्त्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अनु की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि एक साधारण परिवार की बेटी ने अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार और देश का नाम रोशन किया है, जो राज्य की अन्य बेटियों के लिए बड़ी प्रेरणा है।नीतीश कुमार ने 'मेडल लाओ-नौकरी पाओ' योजना का जिक्र करते हुए खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी और विश्वस्तरीय खेल बुनियादी ढांचे का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग देगी। सम्मान से अभिभूत अनु कुमारी ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में क्रिकेट बैट और बॉल भेंट की। अनु ने बिहार में विकसित हो रहे आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ करते हुए कहा कि आज देशभर के खिलाड़ी बिहार की सुविधाओं और मुख्यमंत्री के विजन की सराहना कर रहे हैं।बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड स्थित मुकुंदपुर गांव की रहने वाली अनु के पिता सोहन चौधरी ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही लगनशील थी। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने उसकी गेंदबाजी प्रतिभा को पहचाना, जिसके बाद वह राष्ट्रीय टीम में शामिल हुईं। विश्व कप में अपनी शानदार गेंदबाजी से भारत को विश्व विजेता बनाने में अनु ने निर्णायक भूमिका निभाई।

## रघुनाथपुर पुलिस ने इनामी आरोपी को शराब के साथ किया गिरफ्तार



**बीएनएम @ तुरकौलिया**

रघुनाथपुर पुलिस ने एक इनामी आरोपी को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रघुनाथपुर निवासी दीना पासवान के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। उस पर लूट के मामले में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब लेकर बेचने जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस रघुनाथपुर मिडिल स्कूल के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही एक युवक भागने लगा, जिसे संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने उसके पास से ऑफिसर च्वाइस ब्रांड की 180 एमएल की सात बोतल शराब जब्त की। प्रभारी थानाध्यक्ष मिंटू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## पुलिस केंद्र में प्रशिक्षुओं को दी गई विशेष ट्रेनिंग

» **एसपी ने किया परेड निरीक्षण**

**बीएनएम @ कटिहार**



पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस केंद्र में रैतिक परेड का भव्य आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के भीतर अनुशासन, एकरूपता और शारीरिक-मानसिक दक्षता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने परेड ग्राउंड का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों के टर्नआउट (वेशभूषा) की जांच की। इस अवसर पर टोलीवार ड्रिल और विभिन्न शारीरिक फिटनेस अभ्यासों के माध्यम से जवानों के कौशल का प्रदर्शन किया गया। परेड के साथ-साथ पुलिस केंद्र में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं के लिए नियमित योग सत्र का भी आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने इस बात पर विशेष बल दिया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक मजबूती के लिए भी अनिवार्य है, जो पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता और व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने सभी कर्मियों को कर्तव्य पालन के दौरान अनुशासन बनाए रखने और समाज की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहने का निर्देश दिया। यह आयोजन पुलिस बल की सक्रियता और व्यावसायिकता को निखारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## डीएम ने लगाया जनता दरबार

» **93 समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट संज्ञान**

**बीएनएम @ बेतिया**



बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सात निश्चय-2' (सबका सम्मान-जीवन आसान) के तहत बेतिया के जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने समाहरणालय में जनसुनवाई कर आम जनता की समस्याओं का निपटारा किया। 'सेवा-संवाद-समाधान' की भावना को चरितार्थ करते हुए डीएम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को न केवल गंभीरता से सुना, बल्कि उनके त्वरित निष्पादन के निर्देश भी दिए। इस जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और राशन कार्ड जैसे विभागों से जुड़ी कुल 93 समस्याएं सामने आईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि शिकायतों का समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि इस तरह के सीधे संवाद से प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम हुई है और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचने में पारदर्शिता आई है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नई दवाओं के विकास

अनुसंधान एवं परीक्षण की गतिविधियों को नौकरशाही सुस्ती से मुक्त करना सही दिशा में कदम है। लेकिन इसे सुनिश्चित करना भी जरूरी होगा कि दवा कंपनियां नियमों में दी जा रही रियायत का बेज़ा फायदा ना उठाएं। भारत सरकार ने नई दवाओं के विकास के लिए हरी झंडी देने के नियम आसान बनाए हैं। इसके लिए नई औषधि एवं क्लीनिकल ट्रायल के 2019 में बने नियमों में बदलाव किया गया है। मकसद नई दवाओं के परीक्षण में लगने वाले समय को घटाना और संबंधित अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। पहले ऐसे कार्यों के लिए केंद्रीय औषधि प्रमाणन नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से लाइसेंस हासिल करना अनिवार्य था। अब कंपनियां कुछ श्रेणियों की दवाओं को छोड़कर बाकी सभी मामलों में सीडीएससीओ को महज ऑनलाइन सूचना देकर परीक्षण शुरू कर सकेंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस बदलाव से कम-से-कम 90 दिन की बचत होगी। दवा कंपनियां लंबे समय से ऐसे बदलाव की मांग कर रही थीं। विनियमन प्रक्रिया की धीमी गति को वे अपने लिए बड़ी रुकावट मानती रही हैं। अतः अनुसंधान एवं परीक्षण की गतिविधियों को नौकरशाही सुस्ती से मुक्त करना सही दिशा में कदम है। लेकिन इसे सुनिश्चित करना भी जरूरी होगा कि दवा कंपनियां नियमों में दी जा रही रियायत का बेज़ा फायदा ना उठाएं। हालांकि भारतीय दवा उद्योग की दुनिया में ऊंची साख है, लेकिन हाल के वर्षों में कंपनियों द्वारा विनियमन प्रक्रिया में ढिलाई का लाभ उठाने के कई मामलों सामने आए हैं। कफ सिरप जैसी दवाओं से मिलावट की घटनाओं से भारतीय औषधि उद्योग पर कलंक लगा है। आम धारणा है कि भारत में निगरानी की व्यवस्था पश्चिमी देशों में मौजूद विनियम से कमजोर है। इसी कारण भारत में बनी जेनरिक दवाओं को ब्रांडेड दवाओं से अक्सर कमतर समझा जाता है। इसके बावजूद भारत में बनी दवाओं और वैक्सीन का दुनिया में बहुत बड़ा बाजार है, तो उसकी वजह इनका किफायती होना है। दवा उत्पादन के लिहाज से भारत दुनिया में तीसरे और मूल्य के लिहाज से 14वें स्थान पर आता है। देश में तीन हजार से ज्यादा दवा कंपनियां और साढ़े दस हजार फैक्टरियां हैं। लगभग 60 जेनरिक ब्रांड यहां उत्पादित होते हैं। इस कारोबार ने दशकों के दरमियान इतना विशाल आकार ग्रहण किया है, तो उसमें विश्वसनीयता एक निर्णायक पहलू रही है। नए बदलावों के साथ इस पर कोई समझौता नहीं हो, इसे अवश्य सुनिश्चित करना होगा।

# बदलता बांग्लादेश, बढ़ता भारत-विरोध


**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

दक्षिण एशिया की राजनीति में बांग्लादेश हमेशा से भारत का महत्वपूर्ण और संवेदनशील पड़ोसी रहा है। साल 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर पिछले एक दशक तक दोनों देशों के रिश्ते सहयोग, विश्वास और साझा हितों की मजबूत नींव पर खड़े रहे, किंतु हालिया राजनीतिक घटनाक्रम विशेषकर शेख हसीना के सत्ता से हटने, उनके भारत आने और अंतरिम सरकार के गठन ने इस संतुलन को बुरी तरह प्रभावित किया है। अब 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले बांग्लादेश में भारत-विरोध एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनकर उभर रहा है, इससे क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की पृष्ठभूमि ऐतिहासिक और भावनात्मक रही है। साल 1971 के युद्ध में भारत ने प्रत्यक्ष सैन्य और कूटनीतिक सहयोग देकर बांग्लादेश के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई थी। यही कारण है कि दशकों तक दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे का रिश्ता बना रहा। शेख हसीना के नेतृत्व में साल 2009 से 2023 के बीच भारत और बांग्लादेश के संबंध अपने सबसे मजबूत दौर में पहुंचे। इस अवधि में दोनों देशों के बीच व्यापार कई गुना बढ़ा, सीमा विवादों का समाधान हुआ और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को मजबूती मिली। आंकड़ों के अनुसार, भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय व्यापार साल 2009 में लगभग 3 अरब डॉलर था, जो साल 2022-23 तक बढ़कर करीब 18 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत, बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत ने बांग्लादेश को लगभग 8 अरब डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट भी दी, जिसके तहत सड़क, रेलवे, ऊर्जा और बंदरगाह परियोजनाओं पर काम हुआ। इसके अलावा, सीमा समझौते के तहत साल 2015 में 162 एन्क्लेवों का आदान-प्रदान किया गया, जो दशकों पुराने विवाद का शांतिपूर्ण समाधान था लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह पूरा समीकरण तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। शेख हसीना के हटने और उनके भारत में शरण लेने की घटना ने बांग्लादेश की राजनीति में भारत को सीधे एक विवादित मुद्दा बना दिया है। जमात-ए-इस्लामी और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जैसे राजनीतिक दल हसीना को वापस भेजने की लगातार मांग कर रहे हैं। इस मांग को केवल एक कानूनी या राजनीतिक मुद्दे के रूप में नहीं देखा जा रहा बल्कि इसे भारत के खिलाफ राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़कर पेश किया जा रहा है। इसी के साथ, बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं भी चिंता का विषय बन गई हैं। बांग्लादेश की कुल आबादी लगभग 17 से 18 करोड़ के बीच है, जिसमें हिंदुओं की संख्या लगभग 1.3 से 1.5 करोड़ यानी करीब 8-9 प्रतिशत। पिछले कुछ वर्षों में दुर्गा पूजा के दौरान मंदिरों पर हमलों, मूर्तियों को तोड़ने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की कई घटनाएं सामने आई हैं। कुछ मानवाधिकार संगठनों की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 से 2025 के बीच ऐसे मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस बीच 100 से अधिक टारगेटेड हिंदू हत्याएं की गईं। इस्लामी अतिवादियों द्वारा घर जलाने, संपत्ति हड़पने और उसे नुकसान पहुंचाने की घटनाओं की बात करें तो आंकड़े बहुत भयंकर हैं, यह 10000 को पार कर चुके हैं। हालांकि अंतरिम सरकार इन घटनाओं को सांप्रदायिक हिंसा मानने से बचती रही है और उन्हें व्यक्तिगत विवाद या स्थानीय झगड़ों का परिणाम बताती रही है, लेकिन इन घटनाओं से भारत में यह धारणा मजबूत हो रही है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कमजोर हो रही है और सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही। अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. मोहम्मद यूनुस और उनके सलाहकारों के हालिया बयानों ने भी भारत-बांग्लादेश संबंधों में दूरी की झलक दिखाई है। कई मौकों पर यह कहा गया कि बांग्लादेश को किसी छोटे देश की तरह न समझा जाए और वह अपनी स्वतंत्र विदेश नीति चलाने में सक्षम है। कुछ बयानों में यह भी संकेत दिया गया कि बांग्लादेश की आबादी और सामरिक स्थिति उसे क्षेत्र में एक मजबूत देश बनाती है। ऐसे में वह भारत से हर मोर्चे पर निपटने के लिए तैयार है- इस तरीके की सोच भारत को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी देना भी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से पहले इस तरह की बयानबाजी इस्लामी जिहादियों और कट्टर वादियों को भावनाओं को उभारने के लिए की जा रही है। भारत के खिलाफ लिए जा रहे कुछ अन्य फैसले और रुख भी इसी बदलाव की ओर इशारा करते हैं। व्यापारिक समझौतों की समीक्षा की बात उठ रही है। सीमा प्रबंधन को लेकर सख्ती बढ़ाई गई है। कुछ राजनीतिक संगठनों ने भारत के खिलाफ जनसभाएं और अभियान भी शुरू किए हैं। यह माहौल धीरे-धीरे ऐसे राजनीतिक नैरेटिव को जन्म दे रहा है जिसमें भारत को एक बाहरी प्रभाव और शत्रुदेश के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम का एक बड़ा पहलू धार्मिक और सामाजिक पहचान की राजनीति भी है। बांग्लादेश के संविधान में लंबे समय से धर्मनिरपेक्षता और इस्लामी पहचान के बीच संतुलन बना हुआ था लेकिन अब इस विषय पर नई बहस शुरू हो गई है। कुछ कट्टरपंथी संगठन देश को अधिक इस्लामी पहचान देने की बात कर रहे हैं, हालांकि अंतरिम सरकार ने साफ किया है कि शरिया कानून लागू करने की कोई योजना नहीं है। फिर भी अल्पसंख्यक संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के खिलाफ दिए जा रहे तीखे बयान सामाजिक तनाव को बढ़ा रहे हैं। जब हिंदू-बौद्ध-क्रिश्चियन समुदाय से जुड़े संगठनों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जाता है तब इससे देश के भीतर असुरक्षा का माहौल बनना स्वभाविक है। इसका असर भारत में भी महसूस किया जा रहा है क्योंकि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंध गहरे हैं। भारत के लिए यह स्थिति कूटनीतिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण है। एक तरफ वह अपने पड़ोसी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहता, दूसरी तरफ उसे वहां रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता भी है। इसके अलावा, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बांग्लादेश एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। भारत-बांग्लादेश के बीच लगभग 4096 किलोमीटर लंबी सीमा है जोकि भारत की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं में से एक है। इस सीमा की स्थिरता भारत की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। आर्थिक दृष्टि से भी दोनों देश एक-दूसरे पर निर्भर हैं। बांग्लादेश भारत से पेट्रोलियम उत्पाद, कपास, मशीनरी और खाद्य सामग्री का बड़ा आयातक है। वहीं, भारत के लिए बांग्लादेश एक बड़ा निर्यात बाजार है। यदि राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो इसका असर दोनों देशों के व्यापार पर पड़ सकता है। 12 फरवरी के चुनाव इस पूरे परिदृश्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यदि चुनाव के बाद ऐसी सरकार बनती है जो भारत के साथ संतुलित और सहयोगपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहती है, तो वर्तमान तनाव कम हो सकता है। लेकिन यदि भारत-विरोधी राजनीति को जनसमर्थन मिलता है तो आने वाले वर्षों में संबंधों में और खटास आ सकती है। यह भी सच है कि बांग्लादेश अपनी राष्ट्रीय पहचान और स्वतंत्र नीति को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। हर देश का यह अधिकार है कि वह अपनी विदेश नीति तय करे। लेकिन जब यह प्रक्रिया पड़ोसी देशों के खिलाफ तीखी बयानबाजी और नकारात्मक राजनीतिक अभियान के रूप में सामने आती है तो इससे क्षेत्रीय स्थिरता प्रभावित होती है। फिर यह स्थिति केवल भारत और बांग्लादेश के रिश्तों का सवाल नहीं है बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता का भी मुद्दा है। यदि दोनों देशों के बीच अविश्वास बढ़ता है तो इसका असर क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और विकास पर पड़ेगा। वस्तुतः आज की स्थिति यह संकेत दे रही है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते नए मोड़ पर खड़े हैं। यह मोड़ सहयोग और साझेदारी की ओर भी जा सकता है और टकराव की दिशा में भी। आने वाले चुनाव और उसके बाद बनने वाली सरकार इस बात को तय करेगी कि दक्षिण एशिया के ये दो महत्वपूर्ण पड़ोसी किस रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। फिलहाल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से बार-बार भारत विरोध की कोशिश हो रही है, इससे नुकसान भारत की तुलना में बांग्लादेश का अधिक है। यह बात उसे अभी समझ नहीं आ रही। वह अभी पाकिस्तान और चीन की गोद में खेल रहा है, यह सभी को दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं की हालत भयंकर रूप से खराब है और उनके सामने जीवन का संकट बना हुआ है।

# भारत टैक्सी का भविष्य

**गौरव अवस्थी**

दिल्ली एनसीआर और गुजरात में दो महीने के सफल ट्रायल के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र की 8 बड़ी संस्थाओं के संयुक्त उपक्रम के रूप में सहकारिता आधारित टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' को आधिकारिक रूप से कल नई दिल्ली में लॉन्च कर दिया। दो साल में इस सेवा को पूरे देश में लागू करने का भी ऐलान हुआ है। भारत टैक्सी बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत भारत का पहला सहकारिता-नेतृत्व वाला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। इसकी स्थापना 6 जून 2025 को की गई। दावा है कि अपनी स्थापना के बाद से भारत टैक्सी दुनिया का पहला और सबसे बड़ा सहकारिता-आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म तथा विश्व का सबसे बड़ा ड्राइवर-स्वामित्व वाला मोबिलिटी प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। अब तक लगभग चार लाख ड्राइवर भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं और दस लाख से अधिक उपयोगकर्ता पंजीकृत हो चुके हैं। लगभग 10 करोड़ की राशि अब तक सीधे ड्राइवरों में वितरित की जा चुकी है। सहकारिता क्षेत्र की संस्थाओं का सर्विस सेक्टर में उतरना स्वागत योग्य कदम माना जाना चाहिए लेकिन 'सरकारी दखल' और 'सरकारी बैसाखी' सहकारिता आधारित इस सेवा को भी कहीं अन्य सेवाओं की तरह प्रभावित न करे, इसके पुख्ता प्रबंध शुरुआती चरण से ही सुनिश्चित किए जाने जरूरी हैं। यह बात इसलिए कि भारत टैक्सी सेवा को ओला, उबर एवं रैपीडो जैसी प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों टक्कर लेनी है और बेहतर सेवा देते हुए उपभोक्ता का भरोसा भी अर्जित करना है। निजी क्षेत्र की कंपनियां जब सेवा या किसी भी क्षेत्र में अपनी सेवा या उत्पाद लेकर उतरती हैं तो मजबूत नेटवर्क का निर्माण अपनी लुभावनी योजनाओं के माध्यम से करती हैं। जैसे, राइड सर्विस को ही लें तो (जैसा-एक कैब ओनर ने बताया) ओला ने भारत में अपनी लॉन्चिंग के प्रारंभिक चरण में कैब मालिकों को 1 दिन में पांच राइड पर 1500 रुपये का अतिरिक्त बोनस देना शुरू किया। इस लालच में कैब मालिक ऑनलाइन राइड सर्विस से जुड़ते चले गए और भारत भर में इस सेवा का विस्तार होता गया। आज छोटे शहरों में भी बाइक राइड सर्विस मिलने लगी हैं। हालांकि अब बोनस बंद और कमीशन भी 15-20 फीसदी है लेकिन राइड बढ़ीं हैं। रेट कंपटीशन का असर कैबवालों की इनकम पर पड़ा है। निजी क्षेत्र की कंपनियों की बढ़ती उपलब्धियों को देखते हुए ही प्रधानमंत्री मोदी के 'सहकार से समृद्धि' मंत्र को आत्मसात करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस क्षेत्र में 'सहकारी सेवा' शुरू कराई है। इसे एक अच्छा कदम माना जाना चाहिए लेकिन सरकार को 'बैसाखी' के बजाय सहकारी संस्थाओं को अपने दम पर इस सेवा को स्थापित करने का अवसर देना चाहिए। यह बात इसलिए कि बैसाखी चलने की हिम्मत तो देती है लेकिन 'सहारे' की गलत आदत भी डेवलप कर सकती है। ट्रायल पीरियड में ही भारत टैक्सी को बैसाखी थमा देने को किस रूप में देखा जाए, आप ही तय करें। उदाहरण के लिए यहां एक 'ग्राहक' के रूप में अपनी आपबीती बताना जरूरी है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से हजारों लोगों की रोज आवाजाही होती है। भारत टैक्सी सर्विस को सफल बनाने के लिए सरकार ने जानबूझकर आईजीआई एयरपोर्ट पर ओला-उबर-रैपीडो के पिकअप पॉइंट कुछ दूर बनवा दिए ताकि ग्राहक भारत टैक्सी राइड लेने को मजबूर हो। ट्रायल के दौरान ही भारत के इस सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डे पर सरकार की तरफ से बैसाखी के रूप में एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी की सुविधा दिल्ली पुलिस से लेकर भारत टैक्सी को दे दी गई। इसके पीछे शायद सोच यही होगी कि पिकअप पॉइंट दूर होगा तो मजबूर होकर लोग भारत टैक्सी का सहारा लेंगे और ऐसा हो भी रहा। आमतौर पर ऑनलाइन राइड बुक करने के अधिकतम पांच मिनट में टैक्सी पिकअप पॉइंट पर पहुंच जाती थी लेकिन भारत टैक्सी सर्विस लॉन्च होने के बाद ऐसा नहीं है। एयरपोर्ट के बाहर अब ओला, उबर और रैपीडो की बुकिंग पर टैक्सी में औसत 20 से 25 मिनट लग रहे हैं। कभी-कभी तो जाम की समस्या बता कर निजी कंपनियां ग्राहक को तीन-चार सौ मीटर आगे धौलाकुआं चौराहे तक सामान लेकर आने को कहती हैं। अब आप समझ सकते हैं कि लगेज के साथ इतनी दूर कौन पैदल जाएगा? मेरी समझ में ऐसा सिर्फ इसलिए कि उपभोक्ता मजबूर होकर भारत टैक्सी बुक कराए। उपभोक्ता को ट्रायल पीरियड में ही मजबूर करना कहीं से भी सही नहीं माना जा सकता। यह इसका एक पहलू है। दूसरा पहलू भी काबिलेगौर है। अभी हाल में ही एयरपोर्ट से गुरुग्राम के लिए उबर ऐप पर टैक्सी बुक करने के दौरान 650 रुपए किराया शो कर रहा था लेकिन भारत टैक्सी ने उसी डेस्टिनेशन का 900 रुपये चार्ज किया। खेल इसी बढ़े हुए किराए का है। मौज सहकारिता की और भरण उपभोक्ता-सारथी दोनों का। नई दिल्ली में लांचिंग के दौरान यह दावा किया गया कि सारथी से मालिक से कमीशन नहीं कटेगा लेकिन हकीकत यह नहीं है। एयरपोर्ट से होने वाली हर बुकिंग पर कैब मलिक को 10% कमीशन काटकर ही भुगतान मिलना है और एयरपोर्ट का पार्किंग शुल्क उपभोक्ता की जेब से जाना है। यह बात भारत टैक्सी सर्विस देने वाले ड्राइवर ने हमसे खुद साझा की। एमसीडी का प्रवेश शुल्क भी सारथी के हिस्से। हमें गंतव्य तक ले जाने वाले ड्राइवर का यह दर्द सरकार को जरूर सुनना चाहिए। ड्राइवर के कथनानुसार, एयरपोर्ट पर टैक्सी बुकिंग राशि काउंटर पर कैश जमा कराई जाती है और कैब मालिक को 10-15 दिन बाद भुगतान की व्यवस्था। यह मेरी नहीं, कैब मालिक की ही आशंका है कि सहकारी संस्थाएं भुगतान में जानबूझकर विलंब कर रहीं होंगी ताकि इतने दिनों के ब्याज की रकम भी उनकी 'आय' बने। इस आशंका को निर्मूल करना भी 'अच्छी सर्विस' के लिए जरूरी है। इसके अलावा कैब ओनर के सामने अपने दिन-प्रतिदिन के खर्चे पूरे करने में दिक्कतें भी हैं। जबकि दावा यह है कि सहकारिता आधारित मोबिलिटी इकोसिस्टम में उत्कृष्ट में 'सारथी ही मालिक' के मूल सिद्धांत को और अधिक मजबूती मिलेगी। कैब मालिक पहले ही घटती आय और बढ़ते खर्च को लेकर चिंतित हैं। उनकी इस चिंता पर भी गौर किया जाना चाहिए। प्राइवेट सेक्टर को चुनौती देने उतरी भारत टैक्सी सर्विस का ऐप भी अभी पूरी तरह डेवलप नहीं है। गुरुग्राम से दिल्ली तक की राइड लेने के दौरान एक बात और सामने आई कि भारत टैक्सी की ऑनलाइन बुकिंग में एमसीडी का प्रवेश शुल्क जुड़ा नहीं होता। कैब मालिक ग्राहक से उसकी अलग से डिमांड करता है। यह स्थिति कैब ओनर और ग्राहक दोनों को असहज करती है। कोई भी ग्राहक यात्रा में असहज नहीं होना चाहता। हां, भारत टैक्सी के ऐप में ओला-उबर से एक अलग फीचर है।




**मेष राशिः** वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को अचानक कहीं से धनलाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज आपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाने से गतिविधियां बेहतर होंगी। आज आप अपनी दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव करेंगे। उधार दिया पैसा मिलने के योग हैं। स्टूडेंट्स को मेहनत के मुताबिक अच्छे नतीजे मिलेंगे।

**वृष राशिः** वालों आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही आज काम में मन लगेगा। आज आप अपनी कार्यकुशलता के दम पर बेहतरीन कार्य पूर्ण करने में सफल होंगे। साथ ही किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको ख़ुशी होगी। कुछ समय अपने रुचिपूर्ण कार्यों में व्यतीत करेंगे। इससे आपको आत्मिक और मानसिक खुशी मिलेगी।

**मिथुन राशिः** वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। आज का दिन अनुकूल है लेकिन इसका सदुपयोग करना आपकी योग्यता पर निर्भर करता है। घर की व्यवस्था से जुड़ा कार्य संपन्न हो जाएगा।

**कर्क राशिः** वालों आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप दिन भर कई तरह के कामों में व्यस्त रहेंगे। आज भागदौड़ से राहत पाने के लिए थोड़ा समय खुद के लिए निकालें। आज अपने निजी कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे। आज फालतू उलझने छोड़कर अपने करियर पर ध्यान देंगे। आज नई-नई जानकारियां मिल सकती हैं।

**सिंह राशिः** वालों का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी, आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे। आज खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने अंदर नया जोश और ऊर्जा महसूस करेंगे। घर में सकारात्मकता बनाकर रखने के लिए घर की व्यवस्था में भी रुचि लेंगे। विद्यार्थियों की अपने विषयों को लेकर चल रही समस्या दूर होगी।

**कन्या राशिः** वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में पदोन्नती के अवसर बनेंगे। आज जीवनसाथी तथा परिवारजनों का सहयोग आपकी कार्य क्षमता को और बेहतर बनाएगा। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। आज ऑफिस में आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। काम करने के तरीको में कुछ परिवर्तन लाने की जरूरत है।

**तुला राशिः** वालों का दिन आज ठीक ठाक रहेगा। आज करीबी रिश्तेदारों के साथ मिलकर अच्छी योजनाओं पर विचार होगा। आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में रुझान बढ़ेगा। परिवार के साथ मनोरंजक यात्रा का प्लान बनेगा। आज अपना मनोबल मजबूत बनाये रखें, सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशिः** वालों आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आया है। आपका चंचल स्वभाव लोगों को प्रभावित करेगा। ज्यादा सोच विचार करने से समय निकल सकता है, इसलिए योजनाएं बनाने के साथ साथ तुरंत लागू करने की भी कोशिश करें।

**धनु राशिः** वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के राजनीतिक से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज काम करने से पहले उससे जुड़ी जानकारी जरूर हासिल करें। इससे आपको सफलता मिलेगी। दूसरों की बातों में न आएं। अपने फैसलों को ही सर्वोपरि रखें और अपनी मेहनत पर भरोसा रखें।

**मकर राशिः** वालों आज का दिन घूमने फिरने में बितेगा। आज अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। आने वाले दिनों में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज समस्याओं से घबराने के बजाय सॉल्यूशन खोजने की कोशिश करेंगे। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बन सकता हैं।

**कुम्भ राशिः** वालों आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज जरूरी कार्यों में लोगों का साथ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में आप अपने आसपास की परिस्थितियों में बदलाव महसूस करेंगे। पारिवारिक व्यवस्था को लेकर खास योजनाएं बनेंगी।

**मीन राशिः** वालों आज का दिन घूमने फिरने में बीतेगा। आज आत्मविश्वास बनाए रखने से काम को अच्छे से पूरा कर पाएंगे। नए लोगों से मुलाकात होगी और रुके काम पूरे होने से रिलेक्स महसूस करेंगे। फालतू खर्चे कम करने की कोशिश करेंगे, लेकिन कुछ ऐसे खर्चे भी रहेंगे जिनको रोक पाना मुश्किल होगा। आज अपना मनोबल बनाए रखें।

# डराने लगी है ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया

**ललित गर्ग**

ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया कितनी भयावह एवं घातक हो सकती है, इसकी एक ही दिन में दो अलग-अलग जगह घटी घटनाओं ने न केवल झकझोरा है, बल्कि यह हमारे समय, हमारी सामाजिक संरचना और हमारी सामूहिक असावधानी पर लगा हुआ एक गहरा प्रश्नचिह्न बना है। धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी हृदयविदारक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी ये दो भयावह घटनाएं हैं। एक हृदयविदारक घटना में गाजियाबाद की तीन अल्पवयस्क बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 12, 14 और 16 साल की तीन सुकोमल बहनें असमय काल-कवलित हो गईं। ऑनलाइन कोरियन गेम की दीवानी बहनें कोरिया में जाकर बसने और वहीं नया जीवन शुरू करने का सपना देखती थीं। घर वालों ने जब उनकी ऑनलाइन सनक से परेशान होकर उनसे मोबाइल छीन लिए, तो वे तनाव व अवसाद में घिर गईं। फिर तीनों बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसी ही घटना हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भी घटी जहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछुड़ने के गम में घर में आत्महत्या कर ली। किशोर दसवीं का छात्र था। इन घटनाओं ने समाज को स्तब्ध ही नहीं किया, बल्कि भीतर तक गहरा घाव दिया है। यह कोई आकस्मिक या अलग-थलग घटना नहीं है। इससे पहले झाबुआ, भोपाल और देश के अन्य हिस्सों में सामने आई ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि आभासी दुनिया किस तरह वास्तविक जीवन पर हावी होती जा रही है और हम अनजाने में एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहां संवेदनाएं, संवाद और जीवन-मूल्य स्क्रीन के पीछे दम तोड़ते जा रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग अपने आप में अपराध नहीं है, न ही तकनीक शत्रु है, लेकिन जब यह बच्चों और किशोरों के लिए लत बन जाए, तो यह एक धीमा जहर बन जाती है। यह जहर चुपचाप बच्चों के मस्तिष्क में प्रवेश करता है, उनकी सोच, उनकी भावनात्मक संरचना और उनके निर्णय लेने की क्षमता को विकृत करता है। गेमिंग की दुनिया बच्चों को तात्कालिक रोमांच, आभासी जीत और काल्पनिक पहचान देती है, लेकिन धीरे-धीरे वही दुनिया उन्हें वास्तविक जीवन से काट देती है। परिवार, मित्र, पढ़ाई, प्रकृति, खेल और संवाद- सब कुछ पीछे छूटने लगता है। गाजियाबाद की तीनों बहनों का यह कदम इसी कटाव का चरम और भयावह परिणाम है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अत्यधिक ऑनलाइन गेमिंग बच्चों के मस्तिष्क में आवेग नियंत्रण को कमजोर करती है। जोखिम का आकलन करने की क्षमता घटती है और भावनात्मक अस्थिरता बढ़ती है। हार, असफलता या गेम से वंचित किए जाने की स्थिति में अवसाद, क्रोध और निराशा गहराने लगती है। कई बार बच्चे आत्महत्या जैसे चरम कदम को भी एक 'गेम ओवर' की तरह देखने लगते हैं। यह सोच अपने आप में अत्यंत खतरनाक है। आत्महत्या की प्रवृत्ति का बढ़ना केवल मानसिक स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक चुनौती है, जो हमारी परवरिश, हमारी प्राथमिकताओं और हमारी नीतियों पर सवाल उठाती है। आज के परिवारों में माता-पिता की व्यस्तता, एकल परिवारों की बढ़ती संख्या और संवाद की कमी ने बच्चों को अकेलेपन की ओर धकेला है। स्मार्टफोन कई घरों में बच्चों की चुप्पी खरीदने का सबसे आसान साधन बन गया है। रोता बच्चा हो, जिद करता बच्चा हो या समय न देने की मजबूरी-मोबाइल फोन एक त्वरित समाधान बन चुका है। लेकिन यही समाधान आगे चलकर सबसे बड़ी समस्या बन जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि बच्चा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मार्गदर्शन, स्नेह और समय चाहता है। जब यह सब उसे स्क्रीन से मिलने लगता है, तो परिवार की भूमिका स्वतः कमजोर हो जाती है। यह भी एक कठोर सत्य है कि कई माता-पिता स्वयं डिजिटल लत के शिकार हैं। ऐसे में बच्चों को रोकने का नैतिक और व्यवहारिक अधिकार भी कमजोर पड़ जाता है। हम बच्चों से अपेक्षा करते हैं कि वे मोबाइल कम चलाएं, जबकि हमारे अपने हाथों में हर समय फोन रहता है। यह दोहरा व्यवहार बच्चों के मन में भ्रम और विद्रोह दोनों पैदा करता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल बच्चों पर नियंत्रण नहीं, बल्कि पूरे पारिवारिक वातावरण में संतुलन लाने से जुड़ा है। सरकार और समाज की भूमिका भी इस संकट में कम महत्वपूर्ण नहीं है। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन उसके सामाजिक प्रभावों पर पर्याप्त नियंत्रण और निगरानी का अभाव है। कई गेम्स में हिंसा, आक्रामकता और जोखिम भरे व्यवहार को सामान्य और रोमांचक रूप में प्रस्तुत किया जाता है। बच्चों के लिए आयु-उपयुक्त सामग्री, समय-सीमा और चेतावनी संकेतों को सख्ती से लागू करना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। सरकार को चाहिए कि वह ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल कंटेंट के लिए स्पष्ट और कठोर नियामक ढाँचा विकसित करे, जिसमें बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि हो। विद्यालयों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रह सकती। डिजिटल साक्षरता, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन-कौशल को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि तकनीक का उपयोग कैसे किया जाए, न कि तकनीक के गुलाम कैसे बना जाए। शिक्षकों को भी बच्चों के व्यवहार में होने वाले बदलावों, अकेलेपन, चिड़चिड़ेपन और अचानक गिरते शैक्षणिक प्रदर्शन जैसे संकेतों को गंभीरता से लेना होगा। मनोवैज्ञानिक सहायता को लेकर समाज में जो झिझक और संकोच है, उसे भी तोड़ना होगा। मानसिक स्वास्थ्य को कमजोरी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य का अभिन्न अंग माना जाना चाहिए। यदि किसी बच्चे में अवसाद, अत्यधिक चुप्पी, आक्रामकता या आत्मघाती विचारों के संकेत दिखें, तो समय रहते विशेषज्ञ की मदद लेना अत्यंत आवश्यक है। देर करना कई बार अपूरणीय क्षति में बदल जाता है। निस्संदेह, ये आत्मघात की घटनाएं, ऑनलाइन गतिविधियों के अतिरेक से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को लेकर गंभीर सवालों को जन्म देती हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# टी20 विश्वकप में आज अमेरिका पर जीत के साथ अपना अभियान शुरु करने उतरेगी भारतीय टीम

» शाम 7 बजे से शुरु होगा मैच

**एजेंसी, मुंबई**

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम शनिवार को यहां टी20 विश्वकप के अपने पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ जीत से शुरुआत करने उतरेगी। भारतीय टीम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 4-1 से जीत दर्ज की है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। भारतीय टीम के पास अभिषेक शर्मा और ईशान किशन जैसी आक्रामक जोड़ी हैं। तिलक वर्मा की वापसी से भी टीम की बल्लेबाजी मजबूल हुई है। वहीं टीम की गेंदबाजी अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती पर आधारित रहेगी। ऐसे में वह जीत की प्रबल




दावेदार नजर आती है। कप्तान सूर्यकुमार भी इस साल की शुरुआत से ही फार्म में आ गये हैं जिसका भी लाभ टीम को मिलेगा। ईशान किशन ने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर पिछले कुछ समय में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ईशान और अभिषेक शर्मा की जोड़ी भारतीय टीम को धमाकेदार शुरुआत दे सकती है। टीम के पास हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल जैसे ऑल राउंडर हैं। रिंकू सिंह का फार्म में होना भी टीम के लिए सकारात्मक बात है। गेंदबाजी में बुमराह का साथ देने के लिए अर्शदीप सिंह भी हैं। हर्षित राणा हालांकि चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं रहेंगे। टीम के पास कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती जैसा स्पिनर है। भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। इसके बाद भी वह अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं लेगी। अमेरिकी टीम ने पिछली बार पाकिस्तान हराने के बाद सुपर आठ में भारतीय टीम को भी कड़ी टक्कर दी थी। अमेरिकी टीम ने पिछले साल 9 में से आठ मैच जीते हैं और टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका में तीन सप्ताह के शिविर में भाग लिया है। ऐसे में उसे कमजोर नहीं माना जा सकता। उसके पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। अमेरिकी टीम की कप्तानी भारतीय मूल के मोनांक पटेल के पास है। उन्हें साइतेजा मुक्कमल्ला तथा मिलिंद कुमार से पूरा सहयोग मिला। वहीं गेंदबाजी में सौरभ नेत्रावलकर , हरमीत सिंह जैसे खिलाड़ी हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

**अमेरिका** : मोनांक पटेल (कप्तान/विकेटकीपर), स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर, एंड्रीज़ गौस, मिलिंद कुमार, संजय कृष्णमूर्ति, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, निश्थुश केनजिगे, सौरभ नेत्रावलकर और अली खान।

# आरसीबी की दूसरी डब्लूपीएल खिताबी जीत पर बोले विराट, एक बार फिर चैम्पियन बना गर्व की बात

**एजेंसी, वडोदरा**

स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु(आरसीबी) ने दूसरी बार महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) खिताब जीता है। खिताबी मुकाबले में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराया। आरसीबी की कप्तानी करते हुए मंधाना ने फाइनल मुकाबले में 41 गेंद में 87 रन बनाये। वहीं जॉर्जिया वोल ने 79 रन बनाए। मंधाना और जॉर्जिया वोल ने दूसरे विकेट के लिए 165 रन बनाये। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतक की सहायता से 15 गेंद में 35 रन बनाये। इस प्रकार दिल्ली ने 4 विकेट पर 203 रन बनाये। आरसीबी ने 19.4 ओवरों में ही ये लक्ष्य मंधान और जॉर्जिया के शानदार प्रदर्शन से हासिल कर लिया। कोहली ने इस शानदार जीत पर खुशी जताते हुए सोशल मीडिया में लिखा, "एक बार फिर चैंपियन। आरसीबी का झंडा ऊंचा रखने के लिए और यह हर किसी के लिए गर्व की बात है।" आरसीबी ने इससे पहले साल 2024 में डब्ल्यूपीएल जबकि पुरुष टीम ने 2025 में आईपीएल खिताब जीता था। इस अवसर पर भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा, "बड़े मौके, बड़े लीडर। मंधाना ने सबसे बड़े मंच पर शानदार प्रदर्शन किया। जॉर्जिया वोल ने भी अच्छा साथ दिया, जिससे आरसीबी की महिला टीम ने अपना दूसरा डब्ल्यूपीएल खिताब अपने



नाम किया।" आरसीबी की इस जीत पर विराट कोहली भी खुशी से झूम उठे। कोहली आईपीएल की शुरुआत से ही आरसीबी का हिस्सा रहे हैं, उन्होंने लंबे समय तक टीम की कप्तानी भी की है। 17 साल ट्रॉफी का उन्होंने इंतजार किया था, ऐसे में वह इसका महत्व जानते हैं। कोहली ने मंधाना और टीम को सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी है और उन्हें इस जीत का अधिकारी बताया है। बता दें, दिल्ली ने आरसीबी के सामने जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य रखा था, इस स्कोर को आरसीबी ने एक ओवर और 2 गेंदें पहले ही हासिल कर लिया था। आरसीबी के दूसरी बार चैंपियन बनने पर विराट ने लिखा, "फिर से चैंपियन। आरसीबी का झंडा ऊंचा लहराते हुए जिस पर आप सभी गर्व कर सकते हैं। मंधाना और पूरी टीम को इस शानदार जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई। आप लोग इसके अधिकारी हैं, इसमें कोई संदेह नहीं। इस पल का आनंद लें और प्रशंसकों के प्यार को भी महसूस करें।"

# वैभव की ऐतिहासिक वर्ल्ड कप पारी की बीसीए अध्यक्ष ने की सराहना, कहा-बड़े मंच के लिए पूरी तरह तैयार

**एजेंसी, पटना**

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में वैभव की ऐतिहासिक पारी को भारतीय क्रिकेट और बिहार दोनों के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में बड़े मंच पर दिखाया गया धैर्य, निडरता और आत्मविश्वास वैभव की असाधारण प्रतिभा और मजबूत मानसिकता को दर्शाता है। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ वैभव ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए तूफानी शतक जड़ा। उन्होंने महज 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल इतिहास का सबसे तेज शतक है। बीसीए अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा, "वैभव की यह ऐतिहासिक पारी भारतीय क्रिकेट और बिहार



के लिए बेहद गर्व का क्षण है। इतनी कम उम्र में उनका संयम, निडर खेल और बड़े मुकाबलों में प्रदर्शन करने की क्षमता असाधारण प्रतिभा और मानसिक मजबूती को दर्शाती है। उनका रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन देशभर के अनगिनत युवा क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से मैं वैभव को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं।" हर्षवर्धन ने यह भी कहा कि वैभव ने हर स्तर पर खुद को बड़े मंच के लिए तैयार साबित किया है। उन्होंने कहा, "चाहे आईपीएल हो, अंडर-19 क्रिकेट हो या घरेलू क्रिकेट—हर स्तर पर वैभव ने लगातार यह साबित किया है कि वह बड़े मंच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इतनी कम उम्र में दबाव में प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता उनकी खास प्रतिभा को दर्शाती है।," अपनी इस ऐतिहासिक पारी के दौरान वैभव ने कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए। वह एक अंडर-19 वर्ल्ड कप की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज़ बन गए। उन्होंने 15 छक्के लगाए और ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल का 12 छक्कों का पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। फाइनल मुकाबले में वैभव ने महज 80 गेंदों पर 175 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 218.75 की स्ट्राइक रेट से खेली गई इस पारी में उन्होंने 15 चौके और 15 छक्के जड़े। खास बात यह रही कि उनके 175 में से 150 रन केवल बाउंड्री से आए।

# विश्वकप में ईशान ही करेंगे पारी की शुरुआत : आकाश चोपड़ा

**एजेंसी, मुम्बई**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मुकाबले के बाद साफ हो गया है कि टी20 विश्वकप क्रिकेट में पारी की शुरुआत ईशान किशन ही करेंगे। चोपड़ा के अनुसार जिस प्रकार अभ्यास मैच में ईशांत को अवसर मिला और उन्होंने अर्धशतक लगाया उससे सारी तस्वीर साफ हो गयी है। अब संजू सैमसन को अवसर मिलने की संभावना समाप्त हो गयी है। चोपड़ा का मानना है कि ईशान ने अपने हाल के प्रदर्शन से विश्वकप में सलामी बल्लेबाज के तौर पर अपनी जगह तकरीबन पक्की कर ली है। चोपड़ा ने कहा कि अब इस फैसले पर कोई संशय नहीं रहा है। उनके कहा कि ईशान ने जिस प्रकार अवसर का लाभ उठाया है। उसकी अनदेखी चयनकर्ता और टीम प्रबंधन नहीं कर सकते हैं। ईशान ने अभ्यास मैच में केवल 20 गेंदों में 53 रन बनाकर अपना



फार्म साबित कर दिया। इस पारी में उन्होंने सात छक्के भी लगाये। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी इस बल्लेबाज ने एक शतक और अर्धशतक के साथ ही 231 रन बनाये थे। तब उनका स्ट्राइक रेट 215 रन बनाये थे। वहीं सैमसन पांच मैचों में केवल 46 रन ही बना सके, उनका औसत 9.20 रहा और सर्वोच्च स्कोर 24 था। आकाश चोपड़ा का मानना है कि यह सीरीज सैमसन के लिए निर्णायक साबित हुई, क्योंकि बड़े टूर्नामेंट से पहले ऐसे अवसर काफी महत्वपूर्ण होते हैं पर वह उसका लाभ नहीं उठा पाये। चोपड़ा ने यह भी कहा कि सैमसन अब टीम में एक ऐसे बल्लेबाज़ की जगह हासिल कर सकते हैं ।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026: शास्त्री, स्मिथ और बिशप करेंगे कमेंट्री पैनल की अगुआई

**एजेंसी, दुबई**

भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से शुरू हो रहे आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए स्टार खिलाड़ियों और दिग्गजों से सजा कमेंट्री पैनल घोषित कर दिया गया है। इस हाई-प्रोफाइल पैनल की अगुआई रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ और इयान बिशप जैसे अनुभवी कमेंटेटर करेंगे। आईसीसी के अनुसार, टूर्नामेंट के 10वें संस्करण में कुल 55 मैचों के दौरान पूर्व महान खिलाड़ियों और मौजूदा सितारों की दमदार मौजूदगी सुनाई देगी। इस सूची में पूर्व टी20 वर्ल्ड कप विजेता एरॉन फिंच, दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बैद्री, रॉबिन उथप्पा और कार्लोस ब्रैथवेट जैसे नाम शामिल हैं। खास बात यह है कि मौजूदा खिलाड़ी और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा भी कमेंट्री बॉक्स में नजर आएंगे। इसके



अलावा 2014 टी20 वर्ल्ड कप विजेता श्रीलंकाई ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज भी कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे।

**डिफेंडिंग चैंपियन भारत पर सबकी नजर-** टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतर रही है और तीसरी बार खिताब जीतने के साथ-साथ ट्रॉफी का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बनने का लक्ष्य रखेगी। भारत को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, खासकर अक्टूबर 2023 के बाद से खेले गए 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 48 में जीत और हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ दमदार सीरीज जीत के बाद। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मुकाबले से करेगी।

**आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के कमेंटेटर्स की सूची-** रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, इयान बिशप, एरॉन फिंच, दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बैद्री, रॉबिन उथप्पा, कार्लोस ब्रैथवेट, इयोन मोर्गन, वसीम अकरम, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, डेल स्टेन, माइकल एथर्टन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलक, केटी मार्टिन, हर्षा भोगले, एम्पुमेलेलो म्बांग्वा, नताली जर्मेनोस, डैनी मॉरिसन, एलन विल्किंस, इयान वार्ड, मार्क हॉवर्ड, निक नाइट, अतहर अली खान, कास नायडू, बाजिद खान, रौनक कपूर, नायल ओ'ब्रायन, प्रेस्टन मॉम्सन, एंड्रयू लियोनार्ड, रसेल अर्नोल्ड, रोशन अबेयसिंघे, एंजेलो मैथ्यूज और टेम्बा बावुमा।

## व्यापार

# आरबीआई ने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

**मुंबई**। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2026-27 की पहली एवं दूसरी तिमाही के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर क्रमशः 6.9 और सात फीसदी कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक जीडीपी के 7.4 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कहीं अधिक है। मल्होत्रा ने बताया कि वैश्विक चुनौतियों के बीच निजी उपभोग और स्थिर निवेश ने वृद्धि को सहारा दिया है। मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार बेहतर राह पर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने मुक्त व्यापार समझौतों, जीएसटी युक्तिकरण और मजबूत कृषि उत्पादन के मद्देनजर जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया है। आरबीआई ने दिसंबर में वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.7 फीसदी




और जुलाई-सितंबर के लिए 6.8 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी रहने की उम्मीद है। कृषि गतिविधियों को जलाशयों के स्वस्थ स्तर, मजबूत रबी बुवाई और फसलों की स्थिति में सुधार से समर्थन मिलेगा। इसके अलावा कॉरपोरेट क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार और असंगठित क्षेत्र में बनी गति से विनिर्माण गतिविधियों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण क्षेत्र की वृद्धि मजबूत रहने के आसार हैं और घरेलू मांग के मजबूत होने के साथ सेवा क्षेत्र में भी मजबूती बनी रहेगी। संजय मल्होत्रा ने कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास दर का अनुमान अप्रैल में अगली मौद्रिक नीति में घोषित किए जाएंगे, जिसमें नए जीडीपी एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) श्रृंखला को अद्यतन आधार वर्ष (2024) के साथ शामिल किया जाएगा। गवर्नर ने मांग पक्ष पर कहा कि 2026-27 में निजी उपभोग की गति बनी रहने की उम्मीद है जबकि ग्रामीण मांग स्थिर रहेगी। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) युक्तिकरण और नरम मौद्रिक नीति के निरंतर समर्थन से शहरी उपभोग में सुधार होगा। मल्होत्रा ने कहा कि उच्च क्षमता उपयोग, तेज होती बैंक ऋण वृद्धि, अनुकूल वित्तीय परिस्थितियां और बुनियादी ढांचे पर सरकार का निरंतर जोर निवेश गतिविधियों को प्रोत्साहन देगा। गवर्नर ने कहा कि हाल में संपन्न भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) और प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के साथ कई अन्य व्यापार करार मध्यम अवधि में निर्यात को समर्थन देंगे। इसके अलावा, केंद्रीय बजट में घोषित कई उपाय भी वृद्धि के लिए अनुकूल रहने की संभावना है।

# सोना और चांदी के भाव में गिरावट

## सोना 1,358 टूटकर 1,50,713, चांदी 11,419 रुपए गिरकर 2,32,396 पर

**नई दिल्ली**। सोने और चांदी के भाव में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली। घरेलू बाजार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कीमती धातुएं दबाव में कारोबार करती नजर आईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोनों धातुओं की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 2,675 रुपये की गिरावट के साथ 1,49,396 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,52,071 रुपये था। सोने के वायदा भाव 1,358 रुपये टूटकर 1,50,713 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। दिन के कारोबार में सोने ने 1,50,843 रुपये का उच्च और 1,49,396 रुपये का निचला स्तर छुआ। पिछले महीने सोने ने 1,80,779 रुपये का रिकॉर्ड उच्च स्तर दर्ज किया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट




9,752 रुपये की गिरावट के साथ 2,34,063 रुपये प्रति किलो पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 2,43,815 रुपये था। इस समय चांदी 11,419 रुपये की गिरावट के साथ 2,32,396 रुपये प्रति किलो के आसपास कारोबार कर रही थी। कारोबार के दौरान इसने 2,34,063 रुपये का ऊपरी और 2,29,187 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलो के उच्चतम स्तर तक पहुंच चुकी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी कमजोर नजर आए। कॉमेक्स पर सोना 4,800 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 4,889.50 डॉलर था। इस समय यह 41.10 डॉलर की गिरावट के साथ 4,848.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इस साल सोने ने 5,586.20 डॉलर प्रति औंस का उच्च स्तर छुआ है। वहीं कॉमेक्स पर चांदी 70.36 डॉलर प्रति औंस पर खुली और 4.64 डॉलर टूटकर 72.07 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। इस महीने चांदी 121.79 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर तक पहुंच चुकी है।

# टीवीएस मोटर ने बिक्री में किया 5 लाख यूनिट्स का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली**। जनवरी 2026 में टीवीएस मोटर कंपनी ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पहली बार कुल बिक्री में 5 लाख यूनिट्स का आंकड़ा पार किया है। यह तेजी टीवीएस के बढ़ते बाजार प्रभाव, मजबूत प्रोडक्ट लाइनअप और ग्राहकों के भरोसे का स्पष्ट संकेत है। कंपनी ने इस महीने 5,11,766 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो जनवरी 2025 की 3,97,623 यूनिट्स की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। दोपहिया वाहनों की मांग इस ग्रोथ का मुख्य आधार रही, जिनकी कुल बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 4,94,195 यूनिट्स तक पहुंच गई। घरेलू बाजार में प्रदर्शन और भी शानदार रहा, जहां टू-व्हीलर सेल 30 प्रतिशत उछलकर 3,83,262 यूनिट्स तक पहुंची। कंपनी के प्रमुख मॉडल्स ने इस उछाल में बड़ी भूमिका निभाई। मोटरसाइकिल सेगमेंट में बिक्री 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2,19,188 यूनिट्स पर पहुंची।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 266 अंक उछला

**मुंबई**। शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को हरे निशान पर बंद हुआ। बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक भारी उतार-चढ़ाव के बीच बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। सेंसेक्स 266.47 अंक उछलकर 83,580.40 अंक और निफ्टी 50.90 अंक चढ़कर 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 266.47 अंक यानी 0.32 फीसदी की उछाल के साथ 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सेंचज (एनएसई) का निफ्टी 50.90 अंक यानी 0.20 फीसदी बढ़कर 25,693.70 के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबारी सेशन में सबसे ज्यादा उछाल आईटीसी के शेयरों में देखने को मिला, जो 5.09 फीसदी उछल कर बंद हुआ, जबकि कोटक बैंक शेयर 3.35 फीसदी चढ़कर बंद हुए। हिंदुस्तान यूनिलिवर के शेयर में 2.63 फीसदी और भारती एयरटेल के शेयर में 2.32 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। वहीं, बजाज फिनसर्व 1.76 फीसदी मजबूत होकर बंद हुआ, जबकि पावर ग्रिड में 1.26 फीसदी की तेजी देखने को मिली। वहीं, टीसीएस के शेयर में सबसे ज्यादा 1.69 फीसदी की गिरावट आई,



जबकि टेक महिंद्रा के शेयर में 1.69 फीसदी की गिरावट आई है। अडाणी पोर्ट्स के शेयर 1.32 फीसदी लुढ़क कर बंद हुए, जबकि एशियन पेंट्स में 1.21 फीसदी की कमजोरी आई है। वहीं, इटर्नल (जोमैटो) में 1.20 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। इसके अलावा अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय रुपया 36 पैसे टूटकर 90.70 (अस्थायी) पर बंद हुआ। एक दिन पहले गुरुवार को शेयर बाजार का बेंचमार्क सूचकांक बीएसई का सेंसेक्स 503 अंक यानी 0.60 फीसदी टूटकर 83,313 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 113 अंक यानी 0.52 फीसदी फिसलकर 25,642 पर बंद हुआ था।

# ऐपल स्मार्टफोन बाजार में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी में

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिग्गज टेक कंपनी ऐपल इस साल अपने पहले फोल्डेबल फोन को पेश करके स्मार्टफोन बाजार में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी कर रहा है। हालिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंपनी एक और खास प्रोजेक्ट पर भी काम कर रही है एक फ्लिप आईफोन, जो डिजाइन और फॉर्म फैक्टर में सैमसंग की गैलेक्सी झेड फ्लिप सीरीज जैसा होगा। यह क्लैमशेल स्टाइल आईफोन आकार और लुक में झेड फलीप के काफी करीब हो सकता है, जबकि इसकी प्रीमियम क्वालिटी और सिस्टम इंटीग्रेशन पूरी तरह ऐपल स्टाइल में होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार यह फ्लिप आईफोन अन्य फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की तुलना में आकार



में छोटा हो सकता है। बताया जा रहा है कि यह डिवाइस सैमसंग गैलेक्सी झेड फलीप 7 या गूगल पिक्सल फोल्ड जैसे बड़े फोल्डेबल फोन से काफी कॉम्पैक्ट होगा। वहीं, उपयोगिता के मामले में यह सैमसंग गैलेक्सी झेड फ्लिप जैसे फ्लिप फोन्स को सीधी टक्कर देगा। हालांकि अभी ऐपल के इस अपकमिंग फ्लिप फोन को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह अपने कॉम्पैक्ट फोल्डेबल फॉर्म के बावजूद अनफोल्ड होने पर एक स्टैंडर्ड आईफोन जैसा ही अनुभव देगा। फिलहाल झेड फलीप 7 का आउटर डिस्प्ले 4.1 इंच और अनफोल्डेड डिस्प्ले 6.9 इंच का है। इसी के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि ऐपल का फ्लिप फोन भी फोल्ड होने पर बेहद कॉम्पैक्ट और खोलने पर एक नियमित आईफोन जैसा फुल-साइज़ डिस्प्ले पेश कर सकता है। जहां तक लॉन्च की बात है, इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# आरबीआई ने रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर रखा बरकरार, लोन की ब्याज दरें रहेंगी स्थिर


**मुंबई**। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस बार भी नीतिगत दर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को यहां रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर बरकरार रखने की घोषणा की। आरबीआई के इस फैसले की वजह से लोन की ब्याज दरें भी जस की तस रहेंगी। आरबीआई गवर्नर ने मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने तटस्थ रुख को बनाये रखने का निर्णय किया है। संजय मल्होत्रा ने कहा कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आम सहमति से प्रमुख नीतिगत दर रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर कायम रखा है। मल्होत्रा ने कहा कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक विकास दर के



अनुमान को बढ़ाकर 7.4 फीसदी कर दिया है। इससे पहले केंद्रीय बैंक ने विकास दर 7.3 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। आरबीआई गवर्नर ने कहा घरेलू महंगाई और वृद्धि परिदृश्य सकारात्मक होने से रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई फरवरी, 2025 से लेकर अबतक नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में कुल 125 फीसदी की कटौती कर चुका है, जिससे रेपो रेट 5.25 फीसदी पर है।

# गोलमाल 5 में करीना कपूर की वापसी पक्की, रोहित शेट्टी की सबसे बड़ी पलटन तैयार





रोहित शेट्टी की ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी गोलमाल 5 को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में करीना कपूर की वापसी पक्की हो गई है, जो एक बार फिर अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस बार रोहित शेट्टी ने अक्षय कुमार को भी इस फिल्म से जोड़कर एक बड़ा कास्टिंग धमाका किया है। अजय, अक्षय और करीना जैसे सितारों के साथ गोलमाल 5 की ये पलटन अब तक की सबसे बड़ी टीम मानी जा रही है। फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया, करीना की कास्टिंग में थोड़ा समय लगा, क्योंकि तारीख और कुछ अन्य मुद्दों पर बातचीत चल रही थी। रोहित शेट्टी और अजय देवगन उन्हें फिल्म में लेने के लिए बेहद उत्सुक थे, वहीं करीना भी गोलमाल फ्रेंचाइजी में लौटने को लेकर उत्साहित थीं। रोहित की टीम ने करीना के लिए एक बेहद मजेदार और अनोखा रोल तैयार किया है, जिसके लिए आखिरकार बात बन गई है। ट्रेड पंडितों का मानना है कि गोलमाल 5 को लेकर पहले ही काफी उत्साह था, क्योंकि इसके सभी पिछले चारों भाग सफल रहे हैं। अब अक्षय की एंट्री और करीना की वापसी ने फिल्म के प्रति रोमांच को दोगुना कर दिया है। जानकारों का मानना है कि ये करिश्मा केवल रोहित ही कर सकते थे। अपनी जबरदस्त साख और बॉक्स ऑफिस पर सफलता के बेमिसाल रिकॉर्ड के दम पर उन्होंने बॉलीवुड सितारों के इस महा-संगम को मुमकिन कर दिखाया है।


## अनिल कपूर ने मिलाया जूनियर एनटीआर से हाथ, दुनिया देखेगी 2 धुरंधरों का कमाल



बॉलीवुड में अनिल कपूर और साउथ में जूनियर एनटीआर का जलवा किसी से छिपा नहीं है। दोनों सितारे साथ में फिल्म करने वाले हैं, इस खबर ने अभी से लोगों की खुशी सांतवें आसमान पर पहुंचा दी है। वैसे यह पहला मौका नहीं है जब अनिल और एनटीआर एक फिल्म में नजर आएंगे। दोनों को वॉर 2 में देखा गया था। बड़ी खबर है कि एनटीआर की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म ड्रैगन में, अनिल शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रैगन की शूटिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही है जिसमें अफ्रीका और अन्य विदेशी शहर शामिल हैं। अनिल के फिल्म से जुड़ने और शुरुआती कास्टिंग से पता चला है कि अन्य भारतीय कलाकार भी इस परियोजना का हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि, निर्माता अभी भी स्क्रिप्ट को आखिरी प्रारूप देने में लगे हैं। निर्देशन की जिम्मेदारी प्रशांत नील ने संभाली है जो पूर्व में, सालार और केजीएफ फ्रैंचाइजी बनाकर दिल जीत चुके हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ड्रैगन में अनिल को खलनायक या सहायक किरदार के रूप में देखा जा सकता है। फिलहाल तो उनकी और एनटीआर की फिल्म में एक साथ उपस्थित ने लोगों की उम्मीदों को बढ़ा दिया है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होने वाली है जिसे कई भाषाओं के साथ दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। हालांकि निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक रिलीज तारीख का ऐलान होना बाकी है।

## धुरंधरः द रिवेंज टीजर रिलीज, ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी, रणवीर सिंह का दिखा रहमान डकैत अंदाज

रणवीर सिंह और आदित्य धर की एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी की पहली हिट फिल्म धुरंधर की कामयाबी के बाद फिल्म के दूसरे पार्ट धुरंधर: द रिवेंज का सभी को बेसब्री से इंतजार है. धुरंधर: द रिवेंज का टीजर रिलीज हो गया है. धुरंधर: द रिवेंज के टीजर ने बता दिया है कि धुरंधर की तरह धुरंधर: द रिवेंज भी बॉक्स ऑफिस बवाल मचाने वाली है. बीती 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया था. अब धुरंधर: द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल करेगी इसका इंतजार रहेगा. इससे पहले देखते हैं धुरंधर: द रिवेंज का दमदार टीजर. धुरंधर: द रिवेंज के टीजर ने दर्शकों के हिलाकर रखने का काम किया है. धुरंधर: द रिवेंज के टीजर ने बताया है कि बॉक्स ऑफिस पर उसके सामने कोई भी फिल्म आ जाए, वह अपनी जीत सुनिश्चित करके रहेगी. धुरंधर: द रिवेंज का टीजर 1.12 मिनट का है, जिसमें रणवीर सिंह मारकाट और गोलीबारी करते दिख रहे हैं. इसमें रणवीर सिंह दो किरदारों में एक मिशन पूरा करते दिख रहे हैं. टीजर में रहमान डकैत भी दिख रहा है. वहीं, इस टीजर को शेयर कर मेकर्स ने लिखा है, यह नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी. धुरंधर: द रिवेंज की रिलीज का इंतजार ज्यादा लंबा नहीं है. फिल्म अगले महीने मार्च की 19 तारीख को रिलीज हो रही है. आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म में रणवीर सिंह के साथ-साथ संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर माधवन एक बार फिर नजर आएंगे. वहीं, पार्ट 1 में मर चुके रहमान डकैत (अक्षय खन्ना) का फ्लैश बैक नजर आने वाला है. दर्शक अब पाकिस्तान के लयारी में हमजा अली (रणवीर सिंह ) का दबदबा देखने जा रहे हैं. बता दें, 19 मार्च 2026 को इंडिया ही नहीं बल्कि वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर साल 2026 का अब तक का सबसे बड़ा क्लैश देखने को मिलेगा. दोनों ही फिल्म के मेकर्स ने पीछे ना हटने की कसम खा ली है. लेकिन इससे दोनों ही फिल्मों की कमाई पर बहुत बुरा असर जरूर पड़ने वाला है. क्योंकि धुरंधर की ऑडियंस तैयार बैठी है और इधर यश पूरे चार साल बाद कोई फिल्म ला रहे हैं. ऐसे में दोनों ही फिल्मों दर्शकों के लिए जरूरी हो गयी हैं.




## मैं फेल हो सकती हूं, मगर हार नहीं मानूंगी : पायल राजपूत



साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। नेपोटिज्म जैसे गंभीर मुद्दों पर पायल अक्सर अपने राय रखती रहती हैं। इससे पहले भी उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया और फिल्म इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की थी। उन्होंने लिखा था कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है। हर दिन अनिश्चितता के साथ शुरू होता है, जहां टैलेंट से ज्यादा विशेषाधिकार और कनेक्शन हावी हो जाते हैं। पायल ने बताया था कि कई बार उन्हें शक होता है कि उनकी मेहनत और लगन ऐसी दुनिया में नोटिस होगी भी या नहीं। मौके अक्सर मशहूर सरनेम या पावरफुल एजेंट वाले लोगों के पास चले जाते हैं। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और टैलेंट पर भरोसा रखा। फिलहाल पायल कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह तेलुगू फिल्म वेंकटलक्ष्मी में नजर आने वाली हैं, जिसे मशहूर डायरेक्टर मुनि बना रहे हैं। मेकर्स इस फिल्म को तेलुगू, तमिल और हिंदी में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, पायल के पास एक और तमिल फिल्म है। अनटाइटल्ड फिल्म एक बड़े बजट का प्रोजेक्ट है, जिसे जाने-माने डायरेक्टर आर.एस. दुरई सेंथिलकुमार डायरेक्ट कर रहे हैं। शूटिंग का पहला फेज चेन्नई में पूरा हो चुका है। जानकारी के अनुसार यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक रोमांचक एक्शन-ड्रामा है। संगीत जिब्रान दे रहे हैं, सिनेमैटोग्राफी एस. वेंकटेश की है, एडिटिंग प्रदीप कर रहे हैं और आर्ट डायरेक्शन दुरईराज संभाल रहे हैं।

## पेचिदा मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे मोना सिंह-बरुण सोबती, रिलीज हुआ कोहरा 2 का जबरदस्त ट्रेलर

नेटफ्लिक्स की क्रिटिक्स द्वारा सराहे गए इन्वेस्टिगेटिव क्राइम ड्रामा, 'कोहरा का दूसरा सीजन अब कमबैक कर रहा है. पुलिस के किरदारों में बरुण सोबती और मोना सिंह एक सनसनीखेज मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करते नजर आएंगे. फिलहाल मेकर्स ने कोहरा 2 का ट्रेलर रिलीज किया है जो जबरदस्त है. ट्रेलर देखने के बाद फैंस सीरीज की रिलीज का इंतजार नही कर पा रहे हैं. पहले सीज़न की सक्सेस के बाद, कोहरा सीज़न 2 को लेकर एक्साइटमेंट भी कई गुना बढ़ गई है. वहीं मेकर्स ने इसका धांसू ट्रेलर जारी कर दिया है. 2 मिनट 13 सेकंड का यह क्लिप सब-इंस्पेक्टर धनवंत कौर (मोना सिंह स्टारर) को यह बताए जाने के साथ शुरू होता है कि वह एक नए केस की जांच कर रही हैं. वह अपने साथी, पुलिस के असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर अमरपाल जसजीत गरूंडी (बरुण सोबती द्वारा अभिनीत) को प्रीत बाजवा के मर्डर वाली जगह पर ले जाती हैं, बिना रुके, पुलिस केस की जांच शुरू करती है, पहले प्रीत के भाई से पूछताछ करती है जैसे-जैसे दोनों अधिकारी मामले की गहराई में जाते हैं, जांच न केवल शहर के रहस्यों को उजागर करना शुरू कर देती है, बल्कि उनकी अपनी पर्सनल कमजोरियों का भी खुलासा करती जाती है. जैसे-जैसे आधिकारिक प्रक्रियाएं आगे बढ़ती हैं, संदिग्धों की सूची लगातार बढ़ती जाती है, जिसमें पीड़ित का पति भी शामिल है, जिसे रणविजय सिंघा ने निभाया है, जबकि उसका भाई, जिसका किरदार अनुराग अरोड़ा ने निभाया है, खुद को मामले में और गहराई से फंसा हुआ पाता है. ओवरॉल ट्रेलर देखने के बाद कोहरा का सीजन 2 काफी जबरदस्त लग रहा है. कोहरा सीज़न 2 नेटफ्लिक्स पर 11 फरवरी को प्रीमियर होने वाला है. यह सीरीज़ एक्ट थ्री के साथ मिलकर ए फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई गई है, जिसमें सौरभ मल्होत्रा, सुदीप शर्मा, मनुज मित्रा और टीना थारवानी प्रोड्यूसर हैं. डायरेक्शन का काम सुदीप शर्मा और फैसल रहमान ने संभाला है, जबकि यह सीरीज़ गुंजित चोपड़ा, डिग्गी सिसोदिया और सुदीप शर्मा ने बनाई और लिखी है. मोना सिंह और बरुण सोबती के साथ, कास्ट में रणविजय सिंघा, पूजा भमर्रा, अनुराग अरोड़ा और प्रेरक मेहता भी शामिल हैं।




## अब सहेंगे नहीं लड़ेंगे..., रिलीज हुआ द केरल स्टोरी 2 का दमदार टीजर; देखकर खड़े हो जाएंगे रोंगटे




विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड का दमदार टीजर कुछ ही देर पहले रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई द केरल स्टोरी का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है।आंखें, नमस्ते लंदन, सिंह इज किंग, फोर्स, कमांडोः ए वन मैन आर्मी, हॉलिडेः ए सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी जैसी कई फिल्मों के बाद अब विपुल अमृतलाल शाह द केरल स्टोरी 2 लेकर आ रहे हैं। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है।इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है। जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर द केरल स्टोरी 2 की टीजर रिलीज किया। टीजर में साफ दिखाया गया है कि लड़कियां अब सिर्फ अंजाम नहीं झेलेंगी, बल्कि उसका जवाब भी देंगी। द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड के टीजर के साथ निर्माताओं ने लिखा, अब सहेंगे नहींज् लड़ेंगे, हमारी बेटियां प्यार में नहीं पड़तीं, जाल में फंस जाती हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर बॉर्डर 2 की कमाई में आई भारी गिरावट, मर्दानी 3 का हाल बुरा




बॉक्स ऑफिस पर इस वक्त सनी देओल की युद्ध ड्रामा फिल्म बॉर्डर 2 अपना कब्जा जमाकर बैठी है। दूसरी तरफ रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 भी रिलीज हो चुकी है। दोनों फिल्मों ने वीकेंड पर अच्छी कमाई कर दिखाई थी, लेकिन नॉन हॉलीडे में लौटते ही दोनों को भारी झटका लगा है। बॉक्स ऑफिस पर दोनों फिल्मों की कमाई के आंकड़े तेजी के साथ नीचे गिरे हैं, जो खासतौर पर मर्दानी 3 के लिए संकट की बात है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बॉर्डर 2 ने अपने दूसरे सोमवार को 11 वें दिन 5.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जो पिछली कमाई के लिहाज से काफी कम है। इसने वीकेंड पर 9वें दिन 17.75 करोड़ कमाए थे और 10वें दिन का कारोबार 22.5 करोड़ रुपये था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 11 दिन गुजारने के बाद कुल 281 करोड़ रुपये का नेट कारोबार कर लिया है। अब इसका अगला लक्ष्य 300 करोड़ के क्लब में पहुंचा है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी मर्दानी 3 ने 30 जनवरी को सिनेमाघरों का रुख किया था। बॉक्स ऑफिस पर महज 4 करोड़ से ओपनिंग करने के बाद फिल्म ने दूसरे दिन 6.25 करोड़ और तीसरे दिन 7.25 करोड़ कमाए थे। वहीं सोमवार को यानी, चौथे दिन फिल्म ने कुल 2.15 करोड़ का कारोबार किया है, जिसके बाद कुल कमाई 19.65 करोड़ रुपये हुई है।

# ECL, Paschim Bardhaman Administration Partner for Sustainable Mine Closure

**DB Reporter**

Paschim Bardhaman: Eastern Coalfields Limited (ECL), a subsidiary of Coal India Limited, has reinforced its commitment to sustainable mining and community welfare through a collaborative initiative with the District Administration of Paschim Bardhaman. A high-level meeting was held on February 6, 2026, between Girish Gopinathan Nair, Director (Technical/Project & Planning), ECL, and Ponnambalam S., IAS, District Magistrate, Paschim Bardhaman, to discuss ECL's Mine Closure Plan with a strong focus on community development and livelihood generation.



The meeting emphasized aligning mine closure activities with long-term socio-economic development and the repurposing of mined-out land in accordance with the Government of India's sustainable mining mandate. The discussions highlighted environmental restoration, creation of sustainable community assets, and livelihood opportunities to ensure that post-mining landscapes contribute positively to local communities.

The District Magistrate drew attention to the issue of water scarcity in the district and stressed the need for effective and judicious utilization of available water resources within excavated mining areas. He underlined that such resources could be leveraged for domestic use and agricultural purposes to enhance the overall well-being of local residents.

The meeting was attended by senior district officials, including Nitu Shukla, IAS, Additional District Magistrate (Zilla Parishad), Aranya Banerjee, Additional District Magistrate (Land Reforms), along with block-level revenue officials. ECL was represented by senior executives such as P. S. De, General Manager (Coordination), Mrityunjay Kumar, General Manager (Environment), Robin Thounaoja, General Manager, Satgram–Sripur Area, Bhaskar Bhattacharya, General Manager (Geology), and representatives from ECL's CSR department.

In line with Mine Closure Guidelines, the District Magistrate constituted an Advisory Committee to guide and monitor the implementation of mine closure plans and associated community development initiatives. The committee will play a crucial role in participatory planning, ensuring transparency and alignment with local development priorities.

Addressing the gathering, Girish Gopinathan Nair reiterated ECL's commitment to a collaborative approach with district authorities. He stated that ECL aims to transform mine closure into an opportunity for inclusive growth, environmental stewardship, and improved quality of life, reaffirming the company's dedication to responsible mining and sustainable social development.

# Mystery Travel Changes the Way We Travel, Where the Journey is a Surprise

*This is a trip where the destination remains a secret until the last moment*

**New Delhi, Agency:** Mystery travel is becoming increasingly popular among young people in the world of travel. The craze for mystery travel is growing worldwide, where the destination is not a predetermined map, but a surprise gift. What exactly is this mystery travel, and why are people so eager to try their luck on unknown paths? Mystery travel simply means a trip where the destination remains a secret until the last moment. In this, the traveler tells a travel agency their preferences, such as whether they prefer mountains or the sea, their budget, and dates. After this, the agency plans the trip, but the name of the destination is kept secret.




According to reports, to maintain the excitement of the journey, agencies often provide hotel and flight details only a few hours before the start of the trip or directly at the airport. To make this suspense even more enjoyable, the traveler is sent some fun clues. For example, you might be told to pack warm clothes or not to forget to carry an umbrella. Travelers keep guessing based on these small hints, but the real revelation happens only at the beginning of the journey.

# High Court Grants Bail in 10.9 kg Charas Case, Flags Long Custody; Police Version under scrutiny

Sagar Suraj

**Motihari/Raxaul:** The Patna High Court has granted bail to an accused in a narcotics case registered at Raxaul police station, noting the long period of custody and observing that the alleged recovery was not made from the accused's conscious possession. Justice Chandra Shekhar Jha passed the order while hearing Criminal Miscellaneous No. 49536 of 2025 in connection with Raxaul P.S. Case No. 332 of 2024, registered under Sections 8, 20(b)(ii)(C), 25 and 29 of the NDPS Act. As per the prosecution, around 10.90 kg of charas was recovered in the case. The petitioner, Ankesh Kumar, was named in the FIR and had remained in judicial custody since September 15, 2024, spending nearly one year and five months in jail. During the hearing, the defence argued that the alleged contraband was not recovered from the physical or conscious possession of the petitioner. It was submitted that the recovery was shown from an open road, and the petitioner was implicated on suspicion after he was allegedly seen running away. The defence also pointed out that the petitioner has no criminal antecedents. The court was further informed that at the time of the alleged incident, the petitioner was present



at Shyam International Hotel, Raxaul, along with co-accused Shailendra Kumar, who has already been granted bail by a coordinate bench of the High Court. Seeking parity, the petitioner also prayed for bail. While opposing the bail plea, the state argued that the case involved a commercial quantity of narcotics. However, the court took note that the investigation had been completed and the charge sheet had already been filed, reducing the chances of evidence tampering. The court also considered the slow progress of the trial. Significantly, the order has once again brought focus on allegations often raised in NDPS cases along the Indo-Nepal border, where accused persons frequently claim false implication and planting of narcotics. Defence lawyers have repeatedly questioned police action in such cases, citing lack of independent witnesses and recoveries made from open places. Though the court did not make any direct observations on police conduct, the facts of the case raised questions over the strength of evidence presented. Petioners advocate Vikas Kr Pankaj told BNM that modus operandi of the case clearly indicates that his clients have been implicated in the case. Taking all aspects into account, the High Court directed the release of the petitioner on bail on furnishing a bond of 10,000 with two sureties, subject to conditions that he cooperates with the trial and does not indulge in similar offences.

# Technology can curb mobile addiction, but even more important is to pull children out of loneliness

**New Delhi, Agency:** The suicide of three innocent daughters in Ghaziabad, angered by having their mobile phones taken away, has shaken the entire NCR region to its core. This is not just a tragic incident, but a cry of unheard questions that children in every home are grappling with today. In nuclear families and hectic lives, parents have less and less time, while children's world is shrinking to mobile phones and online games.

The result is detachment from studies, irritability, lack of sleep, and isolation from social relationships. Experts believe that this dangerous addiction can be prevented through timely communication, emotional connection, and balanced use of technology. The biggest solution to learning from this tragedy is not to take away mobile phones from children, but to pull them out of loneliness. This addiction can also be controlled through the proper use of technology.



Through Google Family Link available on smartphones, children's mobile time can be reduced using settings like parental controls and screen time. Such settings are available on both Android and iPhone platforms. As soon as the set time is complete, the mobile phone locks automatically and does not unlock again without a passcode. The child will also not be able to download anything on their phone without your permission. You will first receive an approval message. By enabling Safe Search in Google Family Link, the child will not be able to open unauthorized websites.

Go to Google Family Link, which is the most effective tool for children's phones. Through this, parents can set daily screen time. The phone can be locked as soon as the time is up. Separate limits can be set for games, YouTube, and social media. It can also be turned off at night with bedtime mode. App-wise time limits and bedtime can also be set through the Digital Wellbeing feature.

For iPhone Users

On iPhones, go to Apple Family Sharing and set a daily limit for the entire phone using the Screen Time feature. The phone will lock once the time limit is reached. Separate restrictions can be set for apps and games. Cyber ??expert Satyam Rastogi explained that for security reasons, most smartphones do not have an auto power-off feature, but locking the phone is a practically equally effective solution.

# Situation Report: Futures Disappearing in Delhi... 1491 Children Still Missing, Teenagers Account for Over 80 Percent

**New Delhi, Agency:** Of the 5915 children (aged 0 to 18 years) who went missing in the national capital in 2025, the police have been able to trace only about 75 percent, while 1491 are still missing. Teenagers aged 12 to 18 years account for approximately 85.90 percent of these missing children. A year earlier, in 2024, this percentage was around 81 percent.

According to Delhi Police data, 4424 children were traced in Delhi in 2025, including 3830 teenagers (12 to 18 years old). A total of 466 children aged 8 to 12 years and 368 children aged 0 to 8 years went missing, meaning 834 children in the 0-12 age group were missing, of whom 594 were found by the police. 40 percent of these children are still missing. In 2024, a total of 5846 children went missing. Of these, 4712, or 80.60 percent, were found. 1134 children who went missing in 2024 are still missing.

In 2024, 5044 children aged 12 to 18 years went missing. Of these, 80.19 percent, or 4045, were found. In 2024, 488 children aged 8 to 12 years and 314 children aged 0 to 8 years went missing. Of these, 87.09 percent (425) and 77.07 percent respectively were found. Looking at the period from 2021 to 2025, the highest number of children went missing in 2023, with 6284 cases. However, 85.85 percent of these cases were traced.

**Highest percentage of tracing:** The highest percentage of children traced was in the year 2022. In this year, 89.83 percent of the total missing children were found. A total of 6118 children went missing in 2022. In 2021, 5376 out of 5772 missing children were traced. The Delhi Police issued a statement on Thursday saying that there is no reason for any panic or fear regarding missing persons, especially children, in Delhi.

# Indian Air Force to Increase Strength, Major Deal for 114 Rafale Aircraft in the Making

**New Delhi, Agency:** Following a significant increase in the Indian defense budget, a major step is now underway to make the country's air borders impregnable. The Defense Ministry is set to consider a massive proposal worth approximately ?3.25 lakh crore to induct 114 new Rafale fighter jets into the IAF's fleet. This development comes at a time when the need to further modernize the Air Force's firepower is being felt in light of border challenges with neighboring countries and regional security dynamics.

Discussions on this mega deal are expected to take place just before French President Emmanuel Macron's visit to India in the third week of February. President Macron will be in New Delhi on February 18th to attend an international AI summit. According to defense sources, the Air Force's proposal received the initial green light from the Defense Procurement Board last month and is expected to be reviewed in detail at a high-level meeting of the ministry next week. This project is considered crucial to meet the Air Force's operational needs in the current security landscape.

Currently, the Indian Air Force has approximately 30 fighter aircraft squadrons, far short of the approved strength of 42. The growing military engagement between China and Pakistan and the changing strategic situation have made addressing this shortfall imperative.



The proposed 114 Rafale aircraft belong to the 4.5-generation-plus multirole fighter aircraft category, which will significantly enhance the Air Force's long-term capabilities. A key feature of this deal is that approximately 80 percent of these aircraft, purchased under the Make in India initiative, are planned to be manufactured in India. Under this project, the Air Force will receive 88 single-seater and 26 twin-seater aircraft, which will be manufactured domestically in collaboration with Dassault and Indian private sector companies. If this deal is successful, the Indian Air Force will have a total fleet of 150 Rafale aircraft, while the Navy already has 26 of the aircraft in the maritime version.

The foundation for this major defense procurement was laid in the recently presented Union Budget. Finance Minister Nirmala Sitharaman allocated a record ?7.85 lakh crore for the defense sector, a 15 percent increase over the previous year. This represents approximately 14.68 percent of the total budget. According to data, the defense budget has seen a steady increase over the past five years. In 2021-22, it was ?4.84 lakh crore, and now it has risen to ?7.85 lakh crore. This is the first time the defense budget has received a massive increase of ?1.03 lakh crore at one go. However, this increase still represents approximately 2 percent of India's GDP, which is considered balanced by global military standards and the defense spending of competing countries. This investment will not only accelerate the modernization of the Air Force but will also prove to be a milestone in making India self-reliant in defense production.